राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

कार्यालय ऑफिस

क्रांति समय दैनिक समाचार में प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें

पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023

संपर्क नं.-9879141480

ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उत्तरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उत्तरांचल,उत्तराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रकाशित

सुरत-गुजरात,संस्करण शनिवार 21 अक्टूबर 2023 वर्ष-6,अंक-270 पृष्ठ-08 मूल्य-01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## सुशांत सिंह राजपूत मौत केस में एचसी पहुंचे आदित्य ठाकरे, PIL में की गई है CBI पूछताछ की मांग

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के बेटे और शिवसेना विधायक आदित्य ठाकरे ने दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत और उनकी पूर्व मैनेजर दिशा सालियान की मौत के मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की है। इसमें उन्होंने सीबीआई के द्वारा पूछताछ की मांग करने वाली जनहित याचिका पर कोई भी आदेश पारित करने से पहले सुनवाई की मांग की है। वकील राहुल अरोटे के माध्यम से 13 अक्टूबर को दायर अपनी याचिका में आदित्य ठाकरे ने कहा कि जनहित याचिका सुनवाई योग्य नहीं है, क्योंकि मामले की जांच पहले से ही महाराष्ट्र सरकार की मशीनरी द्वारा की जा रही है। इस साल सितंबर में सुप्रीम कोर्ट एंड हाई कोर्ट लिटिगेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष राशिद खान पठान के द्वारा एक जनहित याचिका दायर की गई थी। इसमें सुशांत सिंह राजपूत और दिशा सालियान की रहस्यमय मौत के मामलों में आदित्य ठाकरे की तत्काल गिरफ्तारी और हिरासत में लेकर पूछताछ की मांग की गई थी। आपको बता दें कि हाईकोर्ट द्वारा इस जनहित याचिका को ना तो खारिज किया गया है और ना ही सुनवाई के लिए शामिल किया गया है। अरोटे ने कहा, हमने एक हस्तक्षेप आवेदन दायर किया है जिसमें कहा गया है कि कोई भी आदेश पारित करने से पहले हमें सुना जाना चाहिए। हमने कहा है कि जनहित याचिका सुनवाई योग्य नहीं है क्योंकि सुशांत सिंह राजपूत मामले की जांच पहले से ही सीबीआई द्वारा जारी है। जनहित याचिका में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री ठाकरे की जांच करने और एक व्यापक जांच रिपोर्ट पेश करने का निर्देश देने की मांग की गई है। आपको बता दें कि सुशांत सिंह राजपूत 14 जून, 2020 को बांद्रा में अपने अपार्टमेंट में मृत पाए गए थे। मुंबई पुलिस ने एक्सीडेंटल डेथ रिपोर्ट (एडीआर) मामला दर्ज किया और जांच शुरू की। जुलाई में अभिनेता के पिता ने बिहार पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया था कि सुशांत सिंह राजपूत की प्रेमिका रिया चक्रवर्ती और उसके परिवार के सदस्यों ने उन्हें आत्महत्या के लिए उकसाया था। मामला बाद में सीबीआई को ट्रांसफर कर दिया गया।

# रैपिड रेल की सौगात देने गाजियाबाद आएंगे पीएम मोदी, दिनभर बंद रहेंगे कई रास्ते

**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 अक्तूबर को रैपिडएक्स का उद्घाटन करेंगे। साथ ही, वसुंधरा में जनसभा को संबोधित भी करेंगे। इस दौरान मोहन नगर और साहिबाबाद में दिनभर भारी वाहनों पर प्रतिबंध रहेगा। कार्यक्रम में वीवीआईपी से लेकर आम लोग तक शिरकत करेंगे। जाम से निपटने के लिए पुलिस ने बुधवार को रूट और डायवर्जन प्लान जारी कर दिया है। एडीसीपी ट्रैफिक रामानंद कुशवाहा ने बताया कि डायवर्जन 20 अक्तूबर की सुबह सात बजे से कार्यक्रम की समाप्ति तक लागू रहेगा। प्रधानमंत्री के विमान को हिंडन एयरपोर्ट पर उतारने की तैयारी है। लेकिन, मौसम खराब होने की स्थिति में प्रधानमंत्री का काफिला दिल्ली से ही सड़क द्वारा यूपी गेट होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचेगा। संभावित चार रूटों पर सुरक्षा प्लान तैयार हो गया है। इसके तहत हिंडन एयरफोर्स वाले रूट को महत्वपूर्ण है।

**जनसभा में पहुंचने के लिए रूट प्लान**

1. मोदीनगर, मुरादनगर, हापुड़ और मेरठ से आने वाली बसें राजनगर एक्सटेंशन, एलिवेटेड रोड से कनावनी से उतरेंगी और बुद्धचौक के पास पार्किंग संख्या-7 और क्राउन वसुंधरा चौकी के सामने पार्किंग संख्या-8 में खड़ी होंगीं। इसी रूट से आने वाले हल्के वाहन इंदिरापुरम थाने के सामने पार्किंग संख्या-6 में खड़े होंगे।

2. हापुड़, बुलंदशहर, नोएडा से आने वाली बसें विजयनगर, सीआईएसएफ रोड, इंदिरापुरम, कनावनी पुलिया से पार्किंग संख्या-7 और 8 में खड़ी होंगी। कार और अन्य हल्के वाहन पार्किंग संख्या-6 में खड़े होंगे।

3. नोएडा, वसुंधरा, वैशाली से आने वाली बसें गौर ग्रीन से कनावनी होते हुए बुद्धचौक के पास पार्किंग संख्या-7 और 8 में खड़ी होंगी।

4. गाजियाबाद से आने वाले छोटे वाहन हिंडन पुल से होते हुए मेवाड़ चौक से पहले कृष्णा अपार्टमेंट की बराबर पार्किंग संख्या-10 और एमिटी इंटरनेशनल स्कूल में बनाई गई पार्किंग संख्या-9 में खड़े होंगे।

5. बागपत, लोनी, ट्रॉनिका सिटी, लोनी बॉर्डर, भोपुरा, टीला मोड़, तुलसी निकेतन से आने वाली बसें करनगेट गोलचक्कर से राजेंद्र नगर मेट्रो स्टेशन से साहिबाबाद रेलवे स्टेशन कट से सौर उर्जा मार्ग पर बनी पार्किंग संख्या-4 और हल्के वाहन टाटा सर्विस सेंटर में बनी पार्किंग संख्या-3 में खड़े होंगे।



6. सीमापुरी से आने वाली बसें राजेंद्र नगर मेट्रो स्टेशन से साहिबाबाद रेलवे स्टेशन कट अंडरपास होते हुए पार्किंग संख्या-4 में तथा कार और हल्के वाहन पार्किंग संख्या-3 में खड़े होंगे।

7. यूपी गेट, कौशांबी, लिंक रोड, नोएडा की तरफ से आने वाली बसें डाबर तिराहा से थाना लिंक रोड रेडलाइट से सौर उर्जा मार्ग पर पार्किंग संख्या-4 में तथा कोर और हल्के वाहन पार्किंग संख्या-3 में खड़े होंगे।

**वाहनों का डायवर्जन प्लान**

- हिंडन एयरफोर्स गोलचक्कर से मोहननगर होते हुए साहिबाबाद रैपिडएक्स स्टेशन और जनसभा की ओर वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।
- थाना लिंक रोड रेडलाइट से साहिबाबाद रैपिडएक्स स्टेशन और जनसभा की ओर सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।
- सीआईएसएफ रोड से साहिबाबाद की ओर आने वाले हल्क वाहनों को छोड़कर अन्य प्रतिबंधित रहेंगे। सौर उर्जा मार्ग से वाहन नहीं आ सकेंगे।
- लालकुआं से सीमापुरी के बीच दोनों लेन पर वाहन नहीं चलेंगे।
- लोनी से भोपुरा, हिंडन गोलचक्कर, नागद्वार, से राजनगर एक्सटेंशन की तरफ और एएलटी चौराहे से राजनगर एक्सटेंशन से रोटरी गोलचक्कर, नागद्वार होते हुए भोपुरा से लोनी की तरफ गाड़ियां नहीं जा सकेंगी।
- मेरठ से गाजियाबाद की तरफ आने वाले सभी प्रकार के व्यवसायिक वाहन दुहाई पेरिफेरल से गाजियाबाद की तरफ नहीं जा सकेंगे। सिर्फ जनसभा में जाने वाले वाहनों को छूट रहेगी।

**असुविधा होने पर यहां संपर्क करें**

- यातायात निरीक्षक प्रथम संतोष चौहान का मोबाइल नंबर 7007847097
- यातायात निरीक्षक द्वितीय अजय कुमार का नंबर 9219005151
- यातायात निरीक्षक तृतीय (मोदीनगर-मुरादनगर) जटाशंकर पाठक का नंबर 8929153293
- यातायात निरीक्षक चतुर्थ (यूपी गेट, आनंद विहार) योगेश चंद पंत का मोबाइल नंबर 8218965363
- यातायात निरीक्षक पंचम (मोहननगर, सीमापुरी) मनोज कुमार का नंबर 8130674912
- यातायात निरीक्षक षष्टम (लोनी,लोनी बॉर्डर) संतोष कुमार सिंह का नंबर 7398000808
- यातायात हेल्पलाइन नंबर 9643322904, 0120-2986100

### मंगलुरु में तेज रफ्तार कार ने लोगों को कुचला

## एक महिला की मौत, चार घायल; बेकाबू कार फुटपाथ पर चढ़ गई थी

**मंगलुरु।** कर्नाटक के मंगलुरु में एक कार सवार ने फुटपाथ पर चल रहे पांच लोगों को टक्कर मार दी। घटना बुधवार शाम 4 बजे की है। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई और चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि कार कमलेश बलदेव नाम का व्यक्ति चला रहा था। उसके खिलाफ लापरवाही से मौत का मामला दर्ज कर लिया गया है।

**तेज रफ्तार सफेद कार ने 6-7 लोगों को कुचला**

हादसे का वीडियो पास लगे सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गया। वीडियो में देखा जा सकता है कि मन्नागुडा जंक्शन के पास कई लोग फुटपाथ पर चल रहे होते हैं। तभी पीछे से एक सफेद रंग की तेज रफ्तार कार आती है और लोगों को कुचल देती है।

कार पहले तीन-चार महिलाओं को टक्कर मारती है। टक्कर इतनी जोरदार लगती है कि महिलाएं कई फीट हवा में उछल जाती हैं। इसके बाद कार आगे बढ़ते हुए दो और लोगों को कुचल देती है। इसके बाद सड़क



किनारे लगे एक पोल से टकराकर कार की दिशा बदल जाती है। ड्राइवर कार को सड़क पर लाता है जहां फिर से एक व्यक्ति को टक्कर मारकर भाग जाता है।

ड्राइवर एक शोरूम के पास कार छोड़कर भाग गया

मरने वाली महिला की पहचान 23 साल की रूपाश्री के रूप में हुई है। चार घायलों में तीन नाबालिग हैं। पुलिस के मुताबिक, दुर्घटनास्थल से भागने के बाद कमलेश बलदेव ने अपनी कार एक कार शोरूम के सामने खड़ी की और अपने घर चला गया।

## उत्तर प्रदेश और बिहार में पानी की हो सकती है भारी किल्लत

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में घटता जमीन के नीचे का जल स्तर आने वाले दिनों में मुश्किल पैदा कर सकता है। उत्तर प्रदेश और बिहार में ये स्तर 10 साल के औसत से 35 और 25 फीसदी से ज्यादा नीचे आ गया है। दक्षिण भारत में हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। भारतीय रिजर्व बैंक भी इन वजहों से महंगाई के ऊपर दबाव की बात स्वीकर चुका है। पूरे देश की बात की जाए तो जलाशय स्तर, फुल रिजर्वियर लेवल यानि एफआरएल पर 29 सितंबर 2023 को 73 फीसदी पर था, जो इससे एक साल पहले 89 फीसदी पर था। इसका 10 वर्षों का ऐतिहासिक स्तर 79 फीसदी हुआ करता था। जलाशय का ये स्तर सितंबर के आखिरी दो से तीन हफ्तों में हुई तेज बारिश के बाद पहुंचा है।

**अच्छी बारिश की उम्मीद**-वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि अक्तूबर में अगर अच्छी बारिश हुई तो ये स्तर सुधर सकता है और रबी की फसल



की बुआई समय से हो पाएगी। इक्रा रिसर्च की रिपोर्ट के मुताबकि तमिलनाडु, कर्नाटक उत्तर प्रदेश, बिहार और आंध्र प्रदेश में जलाशय के ऐतिहासिक स्तर और मौजूदा स्तर में भारी अंतर देखने को मिला है।

**10 साल में इतना घटा भूजल**

तमिलनाडु 59 प्रतिशत

आंध्र प्रदेश 49 प्रतिशत

केरल 36 प्रतिशत

उत्तर प्रदेश 35 प्रतिशत

बिहार 25 प्रतिशत

पश्चिम बंगाल 19 प्रतिशत

राजस्थान, तेलंगाना, गुजरात, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में ये ऐतिहासिक स्तर से ऊपर है या फिर कम गिरावट है।

**रिजर्व बैंक के गवर्नर जता चुके हैं चिंता**


जलाशयों के गिरते जल स्तर पर रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास भी चिंता जता चुके हैं। उन्होंने मौद्रिक नीति समीक्षा के दौरान महंगाई के परिदृश्य को लेकर कहा था कि कम जलाशय स्तर खरीफ की फसल की बुआई में कमी से दलहन और तिलहन की फसलों को लेकर अनिश्चितता से चिंता बनी हुई है। साथ ही वैश्विक स्तर पर खाने पीने की चीजों के दाम और तेल के दामों से भी इसके ऊंचाई पर रहने की आशंका जताई गई थी।

## नवरात्रि मेले में चलता झूला रुका, 50 लोग थे सवार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के नरेला में एक नवरात्रि मेले के दौरान में चलता हुआ झूला रुक गया। इससे झूले में बैठे हुए लोगों के बीच दहशत का माहौल बन गया। घटना के दौरान झूले पर 50 लोग बैठे हुए थे। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा शेयर किया जा रहा है। गनीमत रही की किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ और सभी को सुरक्षित निकाल लिया गया। दिल्ली पुलिस ने इस बात की पुष्टि करते हुए बताया कि सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और आयोजकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

**आधे घंटे तक फंसे रहे**

झूले के अचानक से रुक जाने से ऊपर बैठे हुए लोग आधे घंटे तक फंसे रहे। इस दौरान उनकी सांसे अटकी हुई थीं। बताया जा रहा है कि तकनीकी समस्या के कारण झूला रुका था। घटना की सूचना जैसे ही पुलिस को मिली प्रशासन तुरंत एक्शन में आ गया। पुलिस ने तकनीकी स्टाफ और अन्य की मदद से फंसे हुए लोगों को बाहर निकाला।



घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा शेयर किया जा रहा है। गनीमत रही की किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ और सभी को सुरक्षित निकाल लिया गया।

## पहाड़ों पर बर्फबारी से यूपी से लेकर पंजाब तक गिरा का पारा

### इन इलाकों में बारिश से करवट लेगा मौसम

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली समेत पूरे उत्तर भारत में ठंड ने दस्तक दे दी है। पहाड़ों पर बर्फबारी शुरू हो गई है जिसका असर उत्तर भारत में देखने को मिल रहा है। दिन के तापमान में मामूली बढ़ोतरी के बावजूद सुबह और शाम की ठंड बरकरार है। मौसम विभाग के मुताबिक कई इलाकों में बारिश के बी आसार हैं। केरल, तमिलनाडु, पुदुच्चेरी और पश्चिम बंगाल में गरज और चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। हल्की बारिश भी तापमान गिराने के लिए पर्याप्त है। वहीं जम्मू-कश्मीर, गिरगित-बाल्टिस्तान, बुजफ्फराबाद, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में हल्की से मध्यम बर्फबारी का अनुमान लगाया गया है।




**कैसा रहेगा यूपी का मौसम**

उत्तर प्रदेश में फिलहाल मौस साफ रहने की उम्मीद है। हालांकि सुबह और शाम की ठंड में इजाफा होगा। इस सप्ताह मौसम साफ रहेगा लेकिन सोमवार को एक बार फिर मौसम करवट ले सकता है। बादलों के छाने से ठंड बढ़ सकती है। वहीं अगले सप्ताह से कोहरा भी नजर आ सकता है।

**दिल्ली समेत अन्य राज्यों का हाल**

उत्तर भारत में फिलहाल बारिश का अनुमान नहीं है। हालांकि पहाड़ों की बर्फबारी का पूरा असर देखने को मिलेगा। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हल्की से मध्यम बर्फबारी का अनुमान है। इस वजह से मैदानी इलाकों में शीतलहर बढ़ेगी और तापमान में गिरावट का अनुमान है। पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में बी न्यूनतम तापमान 24 डिग्री तक गिर सकता है।

**कहां होगी बारिश**

मौसम विभाग के मुताबिक केरल, अंडमान निकोबार, तमिलनाडु और पुदुच्चेरी में बारिश का अनुमान है। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में मछुआरों को समंदर में ना उतरने की सलाह दी गई है। सिक्किम, तटीय आंध्र प्रदेश, तटीय कर्नाटक और पश्चिमी हिमालय में हल्की बारिश हो सकती है। इसके अलावा केरल तट और लक्षद्वीप में भी समुद्र में ऊंची लहरें उठ सकती हैं।

# नरेन्द्र मोदी की सरकार ने सुनिश्चित किया है किसानों का कल्याण-गिरिराज सिंह

**बेगूसराय।** केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार किसानों के आय में वृद्धि, उनके सम्मान और कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है. खाद की पर्याप्त उपलब्धता, जैविक खेती के लिए प्रोत्साहन, किसान सम्मान और कृषि फीडर सहित कई अभियान चलाए जा रहे हैं. अपने संसदीय क्षेत्र बेगूसराय के प्रवास पर आए गिरिराज सिंह ने वीरवार को बताया कि 2014 में जब नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने तो दूरदर्शी सोच के साथ अपने विजन से देश का समग्र विकास शुरू किया. किसानों के कल्याण और उत्थान के लिए अपने समग्र दृष्टिकोण से हर प्रयास किया. फसल में लागत की तुलना में अधिक आय के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में निरंतर वृद्धि की जा रही है. यह किसानों के आर्थिक प्रगति का द्वार खोल रहा है. उन्होंने कहा कि कल पीएम नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने विपणन सीजन 2024-25 के लिए रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को स्वीकृति दी. जिससे उत्पादकों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित किया जा सके. मंसूर में 425 रुपये प्रति क्विंटल, रेपसीड एवं



सरसों में दो सौ रुपये प्रति क्विंटल, गेहूं में 150 रुपये एवं चना में 115 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है. गिरिराज सिंह ने बताया कि यूपीए की सरकार में 2014 में गेहूं का एमएसपी 14 सौ रुपए क्विंटल था, आज 2275 रुपये हो गया है. जौ का 11 सौ रुपये से बढ़कर 1850 रुपये हो गया एवं चना का 31 सौ रुपये से बढ़कर 5440 रुपये हो गया है. दाल में मसूर का 2950 रुपये से बढ़कर 6425 रुपये हो गया. सरसों एवं रेपसीड का 3050 रुपये से बढ़कर 5650 रुपये हो गया है. इसी प्रकार कुसुम का तीन हजार रुपये से बढ़कर 58 सौ रुपये प्रति क्विंटल हो गया है.

खाद्य सुरक्षा बढ़ाने, किसानों की आय में वृद्धि करने एवं आयात कम करने के लिए तिलहन, दलहन तथा श्रीअन्न की उपज बढ़ाने के लिए फसल विविधीकरण को सरकार बढ़ावा दे रही है. मूल्य नीति के अलावा वित्तीय सहायता प्रदान करने तथा तिलहन और दलहन की खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना एवं राष्ट्रीय तिलहन और ऑयल पाम मिशन जैसी पहल की गई है. गिरिराज सिंह ने कहा है कि पिछले नौ वर्षों में सरकार ने किसानों का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए हर प्रकार का प्रयास किया है. प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत 11 करोड़ 39 लाख से अधिक किसानों को प्रत्येक में वर्ष छह हजार रुपये दिए जा रहे हैं. पीएम फसल बीमा योजना के तहत करीब 37 करोड़ 60 लाख किसानों का पंजीकरण किया गया. 11 करोड़ 68 लाख से अधिक किसानों को 1.3 लाख करोड रुपये से अधिक का भुगतान किया गया. कृषि उत्पादन के लिए एक देश एक बाजार बनाया गया. 1260 मंडियां एकीकृत की गई, एक करोड़ 74 लाख किसान पंजीकृत हुए, 2.48 लाख करोड रुपए का व्यापार हो गया. मृदा में पोषक तत्वों के उपयोग में वृद्धि के लिए शुरू की गई योजना से 23 करोड़ से अधिक मृदा स्वास्थ्य कार्ड किसानों को जारी किए गए. विशेष अभियान के तहत सभी प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के लाभार्थियों को केसीसी के माध्यम से कवर किया जाएगा.

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

संपादकीय

## अस्पताल पर हमला

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की इजरायल यात्रा वास्तव में पश्चिम एशिया में युद्ध भड़काने की दिशा में ही अपना असर छोड़ती लग रही है। जब गाजा में एक अस्पताल पर मिसाइल हमले के बाद दुनिया भर में इजरायल निशाने पर है, तब अमेरिकी राष्ट्रपति का इजरायल के पक्ष में दिखना जितना अफसोसजनक है, उतना ही दुखद भी। बाइडन ने फलस्तीनी आतंकियों के संदर्भ में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बातचीत के बाद कहा है कि गाजा में अस्पताल पर हमला 'किसी अन्य टीम द्वारा किया गया' लगता है। बाइडन अस्पताल पर बमबारी से दुखी और क्रोधित थे, तो उन्हें इन्हीं भावनाओं का इजहार करना चाहिए था। जिस जघन्यतम हमले से इजरायल अपना पल्ला झाड़ने की कोशिश कर रहा है, उसके लिए आने वाले दिनों में उसे निंदा का सामना करना पड़ सकता है। अस्पताल दुनिया के किसी भी कोने में हो, कभी युद्ध का हिस्सा नहीं हो सकता। बर्बर शासक अपने दुश्मनों की यथाशीघ्र कमर तोड़ने के लिए आम लोगों को निशाना बनाते आए हैं, पर किसी अस्पताल पर निशाना साधना बर्बरता की पराकाष्ठा है। आखिर मानवता के किस पैमाने पर आज इजरायल खड़ा है? इजरायली आक्रामकता के समर्थन में अमेरिका आखिर किस हद तक जाएगा? इजरायल की राजधानी में बाइडन ने आश्वस्त किया है कि वाशिंगटन इजरायल को अपनी रक्षा के लिए जरूरी हर चीज मुहैया कराएगा। कोई शक नहीं कि हमास का ताजा हमला उसे बर्बर साबित करता है। सामान्य इजरायलियों को मारना और बंधक बना लेना युद्ध के नियम में नहीं आता, लेकिन हमास ने मानो यह ठान लिया है कि वह इजरायल को झुकाने के लिए किसी भी हद तक जाएगा। यह भी ध्यान देने की बात है कि इजरायलियों के साथ 31 अमेरिकी भी मारे गए हैं, इससे अमेरिका बहुत आहत है, पर इसका यह मतलब नहीं कि इजरायल आम फलस्तीनियों को निशाना बनाने लगे। गया वह दौर, जब भय से संस्कृतियां बदल जाती थीं, लोग धर्म बदल लेते थे और बड़े पैमाने पर अपनी जमीन से पलायन कर जाते थे। आज वंचितों या पीड़ितों की आवाज को ताकत देने वाले दुनिया के कोने-कोने में मिल जाते हैं। इजरायल और अमेरिका जैसे देशों को बदलती सभ्यता की रोशनी में खुद को बदलना चाहिए। भर्त्सना आतंकियों को मारने की नहीं है, आम लोगों को निशाना बनाने की है। दुनिया की तमाम बड़ी शक्तियों को तार्किक मानवीय आधार पर सोचना चाहिए कि युद्ध और उसके हालात को कैसे रोका जाए? दुश्मनी भी है, तो उसमें भी सच्चाई का आधार होना चाहिए। ध्यान रहे, अमेरिका में ही एक साहसी पत्रकार हैं जैक्सन हिंकल, उन्होंने अस्पताल पर हुए हमले पर इजरायल के आरोप को बेनकाब करने का दावा किया है। उन्होंने अपने देश अमेरिका को भी आड़े हाथ लेते हुए कहा है, 'उन्होंने आपसे इराक के बारे में झूठ बोला, उन्होंने आपसे कोविड के बारे में झूठ बोला, उन्होंने आपसे रशियागेट के बारे में झूठ बोला, उन्होंने यूक्रेन युद्ध के बारे में आपसे झूठ बोला, उन्होंने आपसे बच्चों के सिर काटे जाने के बारे में झूठ बोला, क्या आपको लगता है, वे आपको सच बता रहे हैं कि गाजा में अस्पताल पर बमबारी किसने की? जागिए।' आज अमेरिका व इजरायल क्यों संदेह के दायरे में हैं? ऐसे संदेह से दोनों देशों का नुकसान ही होगा। युद्ध रूस-यूक्रेन का हो या इजरायल-फलस्तीन का, ताकत के नशे में कभी होश नहीं गंवाना चाहिए।

### आज का राशीफल

| | |
|---|---|
| मेष | पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। आपके वर्चस्व तथा प्रभाव में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। आय और व्यय में संतुलन बनाकर रखें। प्रेम प्रसंग प्रगाढ़ होंगे। |
| वृषभ | जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। रुके हुए कार्य सम्पन्न होंगे। शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। नए अनुबन्ध प्राप्त होंगे। |
| मिथुन | प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के योग हैं। आर्थिक लाभ होगा। उदर विकार या त्वचा के रोग से पीड़ित रहेंगे। आय और व्यय में संतुलन बनाकर रखें। कार्यक्षेत्र में रुकावटों का सामना करना पड़ेगा। |
| कर्क | पारिवारिक जनों के मध्य सुखद समाचार मिलेगा। रोजी रोजगार के प्रयास सफल होंगे। भाग्यवश कुछ ऐसा होगा जिसका आपको लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। |
| सिंह | व्यावसायिक योजना सफल होगी। किया गया परिश्रम सार्थक होगा। वाणी की सौम्यता से रुके हुए कार्य सम्पन्न होंगे। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। नए अनुबन्ध प्राप्त होंगे। |
| कन्या | जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। आय के नए स्त्रोत बनेंगे। शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। प्रेम प्रसंग प्रगाढ़ होंगे। |
| तुला | पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। आय और व्यय में संतुलन बनाकर रखें। फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें। यात्रा में अपने सामान के प्रति सचेत रहें चोरी या खोने की आशंका है। |
| वृश्चिक | आय और व्यय में संतुलन बनाकर रखें। व्यावसायिक दिशा में किया गया प्रयास सफल होगा। रुपए पैसे के लेन-देन में सावधानी रखें। विरोधियों का पराभव होगा। वाहन प्रयोग में सावधानी अपेक्षित है। |
| धनु | पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे। किया गया परिश्रम सार्थक होगा। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी। |
| मकर | राजनैतिक दिशा में किए गए प्रयास फलीभूत होंगे। व्यावसायिक व पारिवारिक समस्याएं रहेंगी। आर्थिक संकट से गुजरना होगा। वाणी की सौम्यता आपको सम्मान दिलायेगी। |
| कुम्भ | बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। टकराव की स्थिति आपके लिए हितकर नहीं होगी। प्रणय संबंध प्रगाढ़ होंगे। धन आगमन होगा। कुटुम्बजनों का सहयोग मिलेगा। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। |
| मीन | कार्यक्षेत्र में रुकावटों का सामना करना पड़ेगा। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। भारी व्यय का सामना करना पड़ेगा। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे। |

# जनतंत्र को मजबूत भी बनायें ये चुनाव

विश्वनाथ सचदेव



यूं तो पिछले एक अर्से से हमारा देश 'चुनावी मोड' में ही चल रहा है, पर अब तो आम चुनाव से पहले के सेमीफाइनल की बाकायदा घोषणा भी हो गयी है। शंखनाद हो चुका है। दिसंबर तक पांच राज्यों में नयी सरकारें भी बन ही जाएंगी। सवाल यह नहीं है कि कौन जीतेगा या कौन हारेगा, सवाल यह है कि इन चुनाव के बाद हमारा जनतंत्र कुछ मज़बूत होगा या कमजोर? हम जनतंत्र का अमृत महोत्सव मना चुके हैं। अब हमारा अमृत-काल चल रहा है। क्या मतलब होता है इस अमृत-काल का, यह तो वही जाने जिन्होंने यह जुमला उछाला है, पर यह तय है कि जुमलेबाजी हमारी राजनीति का एक महत्वपूर्ण हथियार बन गयी है। पिछले आठ-दस सालों में हमने इस हथियार की धार भी देख ली है। होना तो यह चाहिए था कि अपना 'अमृत-महोत्सव' मनाने वाला हमारा लोकतंत्र लोकतांत्रिक मूल्यों और मर्यादाओं को मज़बूती देते हुए दिखता, पर चुनावी बिसात पर सजे मोहरे बता रहे हैं कि सारा ज़ोर येन-केन-प्रकारेण मुकाबला जीतने का है। हम देख रहे हैं, और यह स्पष्ट कहा भी जा रहा है कि मैदान में उन्हीं उम्मीदवारों को उतारा जा रहा है, जिनके जीतने की उम्मीद सबसे ज़्यादा है। यहां तक तो बात फिर भी ठीक लगती है, पर उम्मीद पूरी करने के अराजक तौर-तरीकों का स्वीकार लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए खतरे की घंटी ही माना जाना चाहिए। यह घंटी बज रही है, ज़ोरों से बज रही है, पर क्या हम इसे सुन रहे हैं? सच बात तो यह है कि हम शायद इसे सुनना भी नहीं चाहते। जनता के शासन का नाम है जनतंत्र। जनता का, जनता के लिए, जनता के द्वारा शासन। चुनावों का होना या फिर वोट देना मात्र ही इस बात का प्रमाण नहीं है कि हमारा जनतंत्र फल-फूल रहा है। वोट मांगने वाले और वोट देने वाले, दोनों, का दायित्व बनता है कि वह जनतंत्र की इस पूरी प्रक्रिया में ईमानदारी से हिस्सा लें। आज हमें स्वयं से यह पूछने की आवश्यकता है कि क्या हमारी राजनीति में ईमानदारी नाम की कोई चीज बची है? झूठे वादे करना, धर्म और जाति के नाम पर मतदाताओं को बरगलाना, आधारहीन आरोपों के शोर में विवेक की आवाज़ को दबा देना, यह सब तो जनतंत्र नहीं है। दुर्भाग्य यह भी है कि जनतांत्रिक मूल्यों के नकार के इस खेल में कोई पीछे रहना नहीं चाहता। सब अपने-अपने महिमा-मंडन में लगे हैं। आत्म-प्रशंसा से लेकर पर- निंदा तक फैला हुआ है हमारा बदरंग इंद्रधनुष। होना तो यह चाहिए कि राजनीतिक दल अपनी-अपनी रीति-नीति का ब्योरा लेकर जनता के पास जाएं, पर हमारी समूची राजनीति 'पहले की सरकारों' को कोसने से लेकर अपना ढोल बजाने तक सीमित होकर रह गयी है। जो अपने आप को जितना बड़ा नेता समझता-कहता है, वह उतने ही ज़ोर से विरोधी पर लांछन लगाने में लगा है। अपेक्षित तो यह है कि सत्ता-पक्ष चुनाव के मौके पर अपनी उपलब्धियों का लेखा-जोखा मतदाता के समक्ष प्रस्तुत करे और विपक्ष सत्ता-पक्ष की कमज़ोरियों और अपनी रीति-नीति के बारे में बताए। बताए कि वह कैसे और क्या बेहतर करेगा। लेकिन ऐसा कुछ होता दिख नहीं रहा। चुनाव के संदर्भ में जो हो रहा है वह एक तो यह है कि विरोधी को नीचा दिखाने की कोशिश और दूसरे रेवड़ियां बांटने की प्रतिस्पर्धा। बड़ी बेशर्मी से मतदाता को लुभाने की होड़-सी लगी है। एक और प्रवृत्ति जो पिछले एक अर्से से हमारी राजनीति में पनपी है वह मतदाता को अपमानित करने वाली है। हमारे राजनेताओं ने मान लिया है कि देश का मतदाता कुछ रुपयों से खरीदा जा सकता है। दो तरीकों से मतदाता को रुपये बांटे जा रहे हैं- एक तो यह कि चुनाव के मौके पर नोट के बदले वोट दिया जाये और दूसरे वैध तरीके से कभी बेटियों के नाम पर, कभी माताओं-बहनों को नगद राशि दी जाये। स्कूलों में बच्चों की फीस माफ हो, गैस-बिजली आदि की दरें कम की जाएं, सस्ती दरों पर जरूरतमंदों को अनाज बांटा जाये, यह तो फिर भी समझ में आता है, पर यह समझना मुश्किल है कि लाभार्थियों के खातों में पैसे जमा करना रिश्वत नहीं तो और क्या है? रिश्वत लेना या देना अपराध है पर यह अपराध हमारे राजनीतिक दल खुलेआम कर रहे हैं। न उन्हें कोई सज़ा मिलती है और न उन्हें कोई डर है इसका। था एक ज़माना जब मतदान की यज्ञ से तुलना की जाती थी और वोट को तुलसी-दल की पवित्रता प्राप्त थी। अब तो यह चुनाव ऐसी लड़ाई बन गया है जिसमें सब कुछ जायज मान लिया गया है। यहां तक कि विरोधी को अपशब्द कहते हुए भी किसी को कोई शर्म नहीं आती। बहुत पुरानी बात नहीं है जब संसद तक में ऐसे शब्द काम में लिये गये थे, जो किसी भी सभ्य समाज में उचित नहीं माने जा सकते। इसमें संदेह नहीं कि चुनाव जीतने के लिए ही लड़े जाते हैं, पर किसी भी कीमत पर जीत हमारे जनतंत्र को खोखला ही बनायेगी। संप्रदायवादी ध्रुवीकरण और अवसरवादी राजनीति के सहारे खड़ा किया गया सत्ता का महल भीतर से खोखला ही होता है, यह बात हमारे राजनीतिक दलों को समझनी ही चाहिए। हमारे राजनेताओं को भी यह सीखना होगा कि इस तरह की अनैतिक राजनीति उन्हें तात्कालिक सफलता भले ही दे दे, पर इस राजनीति का ज़हर हमारे जनतंत्र को असाध्य बीमारी का शिकार बना देगा। इस बीमारी से देश को बचाना हमारे अस्तित्व की शर्त है, जनतंत्र के बने रहने की शर्त है। अभी पांच राज्यों में चुनाव हो रहे हैं, फिर लोकसभा के लिए चुनाव होंगे। चुनाव के इस माहौल में यह बात समझना ज़रूरी है कि चुनाव जीत कर सरकार बनाने में सफलता ही जनतंत्र की सार्थकता नहीं है। यह सार्थकता तभी उजागर होगी जब मतदाता के पास चुनने का अधिकार ही नहीं, अवसर भी होगा। सांपनाथ और नागनाथ में से चुनने की विवशता कुल मिलाकर जनतंत्र का नकार ही है। इसका सीधा-सा मतलब यह है कि एक तरह की राजनीतिक बेईमानी का शिकार हो रही है हमारे देश की जनता। इस स्थिति से उबरने का रास्ता भी हमारे बड़बोले राजनेता अथवा घटिया राजनीति नहीं खोजेगी। मतदाता को स्वयं खोजना होगा यह रास्ता। अपने विवेकपूर्ण निर्णय से ही देश का मतदाता उस लक्ष्य तक पहुंचा सकता है जो किसी भी सुव्यवस्था के लिए अपेक्षित है। आने वाले कुछ दिन राजनीति का घटिया खेल खेलने वाले राजनेताओं द्वारा मतदाता को बरगलाने की कोशिश का अवसर हैं। लच्छेदार भाषा में अपना ढोल पीटने वाले राजनीति के ठेकेदारों को यह समझाने का अवसर भी यही है कि कुछ समय के लिये कुछ लोगों को भले ही मूर्ख बनाया जा सके, पर हमेशा सबको मूर्ख नहीं बनाया जा सकता। यह बात मतदाता और राजनेताओं, दोनों, को समझनी है। यह समझ जितनी जल्दी आ जाये, जनतंत्र के स्वास्थ्य के लिए उतना ही बेहतर है।

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।

# पहाड़ों पर बर्फ और मैदानों में चुनावी गर्मी,,,,,

लेखक राकेश अचल

देश में पहाड़ों पर बर्फवारी से तापमान गिरकर 20 डिग्री सेल्शियस पर आ गया है लेकिन देश के मैदानी राज्यों में विधानसभा चुनावों की गर्माहट तेज हो गयी है । पारा दिन-ब-दिन बढ़ता दिखाई दे रहा है । राजस्थान में भाजपा की वरिष्ठ नेता श्रीमती बसुंधरा राजे को मना लेने के दावे किये जा रहे हैं, वहीं मध्यप्रदेश में भाजपा और कांग्रेस में कहीं बगावत जारी है तो कहीं मान-मनव्वल। उधर मिजोरम जाने के लिए भाजपा को कोई चंद्रयान नहीं मिल रहा है। अभी तक मिजोरम में चुनावी माहौल ठंडा बना हुआ है।

पहाड़ों का मौसम बदलता है तो मैदानों का मौसम अपने आप बदलने लगता है ,लेकिन इस बार बर्फवारी के बावजूद मैदानों में चुनावी सरगर्मियां देखने लायक है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ जीतने के लिए भाजपा है कमान को जहाँ रूठों को मनाने में पसीना आ गया वहीं मध्यप्रदेश में अपनी सत्ता बचाये रखने के लिए भाजपा हाईकमान को ऐढी -चोटी का जोर लगना पड़ रहा है । कांग्रेस को राजस्स्थान और छत्तीस गढ़ में सत्ता बचाना है जबकि मध्यप्रदेश और तेलंगाना में सत्ता हासिल करना है। मिजोरम के बारे में कोई भी दल बहुत ज्यादा गंभीर नहीं है।

मध्यप्रदेश में भाजपा से सत्ता हासिल करने के लिए एक बार फिर कमलनाथ और दिग्विजय सिंह की जोड़ी आखरी दांव लगा रही है । कांग्रेस ने मध्यप्रदेश के लिए एक लंबा-चौड़ा वचन-पत्र जारी किया है। जिस्मने 59 मुद्दों पर 1250 वचन दिए गए है। कांग्रेस ने इस बार भाजपा सरकार की योजनाओं के नाम बदलने के साथ ही लगभग हर योजना में दी जाने वाली सहायता को स्वय या ड्योढ़ा बढ़ा दिया है। अगर कांग्रेस अपने वचन-पत्र को मतदाताओं तक पहुंचा पाने में कामयाब रही तो यकीन जानिये कि भाजपा के लिए सत्ता में बने रहना कठिन हो जाएगा वैसे भी भाजपा खरीदे हुए जनादेश के सहारे प्रदेश की सत्ता में है।

भाजपा में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की छवि 2003 के प्रदेश के मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह जैसी हो गयी है । वे भी अब भाजपा और प्रदेश के लिए बंटाधार साबित हो रहे हैं। प्रदेश में सड़कों और बिजली की दुर्दशा शिवराज सिंह सरकार पर भारी पड़ रही है। शिवराज पिछले विधानसभा चुनाव में कमलनाथ,दिग्विजय और महाराज ज्योतिरादित्य सिंधिया से लड़े थे, इस बार उन्हें कमलनाथ और दिग्विजय सिंह की जोड़ी के अलावा अपनी ही पार्टी की मोदी-शाह की जोड़ी से भी जूझना पड़ रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती अभी तक नाराज है। उनके जिन समर्थकों के टिकिट कटे हैं उन्हें बहन मायावती अपनी पार्टी का टिकिट दे रहीं हैं। समाजवादी पार्टी ने भी चुनाव मैदान में खम ठोंक दिए हैं। इससे कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ गयीं हैं। आम आदमी पार्टी अभी तक अपने लिए कोई जगह नहीं बना पायी है।

मध्यप्रदेश में कल तक चुनावी रण में सबसे ज्यादा मुस्तैद दिखाई दे रही कांग्रेस के दोनों बड़े नेताओं की बदजुबानी बना-बनाया खेल बिगड़ती दिखाई दे रही है । पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और दिग्विजय सिंह इस विधानसभा चुनाव के जरिये अपनी राजनीतिक विरासत अपने बेटों को सौंप देने पर आमादा है। पुत्र मोह में ये दोनों नेता पार्टी के नेता राहुल गांधी की कोशिशें को भी पलीता लगा दें तो कोई बड़ी बात नहीं है। कांग्रेस का चुनाव चिन्ह दो बैलों की जोड़ी युगों पहले बदल चुका है किन्तु आज के मध्यप्रदेश में कांग्रेस की पहचान दो बूढ़े बैलों की जोड़ी से ही है। दोनों अपने जीवन के अमृतकाल में हैं। इस जोड़ी की सबसे बड़ी बाधा ज्योतिरादित्य सिंधिया तीन साल पहले ही कांग्रेस के खेत-खलिहान छोड़कर भाजपा के साथ हो लिए थे।

राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का जादू जनता के सर से उतरने के लिए मोदी-शाह की जोड़ी ने सरे कस-बल लगा लिए हैं। भाजपा के लिए अशोक गहलोत से बड़ी चुनौती पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती बसुंधरा राजे सिंधिया की बगावत थी ,लेकिन आखिर-आखिर में हाईकमान उन्हें शांत करने में कामयाब होता दिखाई दे रहा है। राजे की नाराजगी भाजपा की सबसे बड़ी चुनाती है । राजस्थान में अशोक गहलोत को यदि किसी के नेतृत्व में हराया जा सकता है तो वे सिर्फ और सिर्फ बसुंधरा राजे ही है। राजे को आईना दिखने के लिए भाजपा हाई कमान ने जयपुर राजघराने की दीया सिंह को आगे बढ़ाने की कोशिश की ,लेकिन पैसा उलटा पड़ा। राजस्थान में भी मध्यप्रदेश की तरह इस बार अनेक केंद्रीय मंत्री और संसद लड़ रहे है। मजा तो तब आता जब भाजपा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को भी विधानसभा चुनाव में आजमा लेती। ख़ास बात ये है कि प्रत्याशियों के नामों कि घोषणा में कांग्रेस बहुत ज्यादा पिछड़ गयी है। अभी राजस्थान में कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली सूचीय की ही घोषणा नहीं हुई है।

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस बेफिक्र होकर चुनाव लड़ रही है । यहां कांग्रेस और भाजपा के बीच पिछले चुनाव में ही जो फासला बना था उसे पाटना भाजपा के लिए आसान नहीं है। कोई जादू ही इस फासले को पाट सकता है। छत्तीसगढ़ कहने को राजस्थान और मध्यप्रदेश के मुकाबले एक छोटा राज्य है किन्तु इस राज्य में कांग्रेस की सरकार ने जो कर दिखाया है वो एक महत्वपूर्ण बात है। मध्यप्रदेश और राजस्थान से भिन्न है छग का तापमान। सुदूर दक्षिण के तेलंगाना में भी भी सत्तारूढ़ केसीआर के लिए इस बार अपनी सल्तनत बचाना आसान नहीं दिखाई दे रहा । यहां केसीआर अपने कुनबे को बचने के फेर में अपनी सरकार गंवाने जा रहे है। तेलंगाना में भाजपा के लिए न पहले कोई गुंजाइश थी और न अब दिखाई दे रही है। मिजोरम को तो फिलहाल जाने ही दीजिये।


विधानसभा चुनावों के लिए प्रत्याशियों के नामों कोई घोषणा का काम भाजपा और कांग्रेस अभी तक पूरा नहीं कर पायी हैं जबकि कल से नामांकन भरने की प्रक्रिया आरम्भ हो जाएगी । मुझे न जाने क्यों लगता है कि कांग्रेस और भाजपा नाम वापसी के दिन तक प्रत्याशियों के नामों का अंतिम फैसला कर पाएंगी। इन विधानसभा चुनावों को लेकर आम मतदाता में अभी अपेक्षित सुगबुगाहट पैदा नहीं हुई है ,हालांकि अब शहरों और गांवों में होर्डिंग और बैनर उग आये हैं। प्रत्याशियों ने अपना जन सम्पर्क आरम्भ कर दिया है। राजनीतिक दलों का पैसा बहता नजर आने लगा है।

विचार मंथन

# पोर्न वीडियोग्राफी में भारत दुनिया का तीसरा देश

(लेखक-सनत कुमार जैन)

पोर्न सेक्स वीडियो देखने , शेयर करने पर 7 साल की सजा ओर 10 लाख का जुर्माना है। इसके बाद भी 2018 के बाद 75 फ़ीसदी पॉर्न वीडियो देखने का चलन भारत में बढ़ा है। 2018 के बाद से भारत में इंटरनेट और स्मार्टफोन की सुविधा बढ़ने के बाद, सभी वर्गों के बीच पोर्नोग्राफी के वीडियो और कंटेंट देखने की प्रवृत्ति बढ़ी है। भारत में स्मार्टफोन के कारण पोर्न वीडियों और सोशल मीडिया प्लेटफार्म के कारण मानसिक रोगियों की संख्या बढ़ रही है। इंटरनेट पर पोर्न वीडियो के कारण यौन अपराधों की संख्या में वृद्धि हो रही है। यौन अपराधों को रोकने के लिए सरकार 2018 से प्रयास कर रही है। सरकार ने पोर्नोग्राफी की 800 वेबसाइटों को प्रतिबन्धित किया था।कुछ ही समय के बाद पोर्न वेबसाइट अन्य नामों से इंटरनेट पर उपलब्ध हैं। सर्च इंजन के माध्यम से आसानी से हर वर्ग तक पोर्न कंटेंट में सभी की पहुंच है। इस पर रोक लगा पाना सरकार के लिए संभव नहीं है। केंद्र सरकार ने 2008 में आईटी एक्ट में संशोधन कर भारतीय दंड संहिता की धारा 292, 293, 294, 506 और 509 के तहत सजा का प्रावधान किया है। इसका असर भी देखने को नहीं मिला। केंद्र सरकार ने इसके बाद आईटी एक्ट में संशोधन किया। आईटी एक्ट की धारा 66 ई धारा 67 ए और धारा 67 बी के तहत पोर्नोग्राफी फिल्म बनाना, इन्हें शेयर करना अथवा प्रसारित करना प्रतिबंधित किया गया। गैर जमानती अपराध के रूप में धारा 66 ई के तहत पोर्नोग्राफी,पोर्न फोटोग्राफी और फिल्म बनाने पर सजा और जुर्माने का प्रावधान है। आईटी एक्ट मे अपराध को पाक्सो एक्ट के तहत भी लाया गया है। आईटी एक्ट की धारा 67 ए के अनुसार पोर्नो ग्राफी देखने और शेयर करने पर 5 साल की सजा और 10 लाख रुपए के जुर्माना का प्रावधान है। दूसरी बार में यही अपराध करने पर धारा 67 बी के तहत 7 साल की सजा और 10 लाख रुपए के जुर्माना का प्रावधान है। पाक्सो एक्ट के तहत भी कार्रवाई की जाती है। भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत भी सजा का प्रावधान है। गैर जमानती अपराध है।अपराधी के साथ कोई नरमी नहीं बरती जाती है। इंटरनेट पर भारत में पोर्न वेबसाइट एवं पोर्न कंटेंट पूरी तरह से प्रतिबंधित है। इसके बाद भी इंटरनेट पर जब चाहे, जहां चाहे, सर्च इंजन की सहायता से बच्चे, युवा, बुजुर्ग पॉर्न वीडियो इंटरनेट पर आसानी से देख रहे हैं। पॉर्न वीडियो इंटरनेट और स्मार्टफोन पर उपलब्ध है। यह सरकार भी जानती है। कानून में प्रतिबंधित होने के बाद भी सरकार पोर्न कन्टेंट पर रोक नहीं लग पा रही है। जिसके कारण लोग पोर्न के आदी होकर मानसिक रोग के शिकार हो रहे हैं। यह नशा इतना घातक हो गया है, कि इससे बाहर निकल पाना या इसका उपचार करना डॉक्टरों के लिए भी संभव नहीं रहा। पोर्न कंटेंट देखने से युवाओं में नपुंसक्ता बढ रही है। भारत में पिछले 5 वर्षों में यौन अपराधों की संख्या बड़ी तेजी के साथ बढ़ी है। छोटी-छोटी मासूम बच्चियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं होने लगी हैं। यौन अपराधों में कड़ी सजा होने के बाद भी पुलिस यौन अपराधों पर रोक नहीं लगा पा रही है। इंटरनेट पर पॉर्न वीडियो देखने से मानसिक रोगियों के कारण और बच्चियों और महिलाओं को सुरक्षित रख पाना बड़ा मुश्किल होता जा रहा है परिवार एवं रिश्तो में भी अब इस तरह के अपराध बढ़ गए हैं। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी, स्मार्ट फोन पर आसानी से पोर्नोग्राफी के वीडियो उपलब्ध होने से भारत के सभी



आयु वर्ग के लोग मानसिक रूप से प्रभावित हो रहे हैं। पॉर्न वीडियो के कारण नजदीकी रिश्तों में यौन संबंध की घटनाओं में बृद्धि हुई है। जिसके कारण सामाजिक एवं पारिवारिक रिश्ते भी अब डर और भय के साए में है। इस समस्या को जल्द खत्म नहीं किया गया, तो भारतीय संस्कृति, पारिवारिक एवं सामाजिक व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती होगी।




## नेस्ले का मुनाफा 37.28 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** मैगी और कॉफी जैसे रोज इस्तेमाल होने वाले सामान बनाने वाली नेस्ले इंडिया लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही जुलाई-सितंबर में मुनाफा 37.28 प्रतिशत बढ़कर 908.08 करोड़ रुपए रहा। कंपनी का पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में मुनाफा 661.46 करोड़ रुपए रहा था। कंपनी जनवरी-दिसंबर के वित्त वर्ष का अनुसरण करती है। नेस्ले ने शेयर बाजार को बताया कि समीक्षाधीन अवधि में उसकी बिक्री 9.43 प्रतिशत बढ़कर 5,009.52 करोड़ रुपए हो गई, जबकि पिछले साल समान अवधि में यह 4,577.44 करोड़ रुपए रही थी। जुलाई-सितंबर तिमाही में कुल खर्च 5.92 प्रतिशत बढ़कर 3,954.49 करोड़ रुपए रहा, जो एक साल पहले इसी अवधि में 3,733.12 करोड़ रुपए था। नेस्ले की घरेलू बिक्री 10.33 प्रतिशत बढ़कर 4,823.72 करोड़ रुपए हो गई, जो 2022 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 4,371.99 करोड़ रुपए थी। हालांकि इसका निर्यात 9.56 प्रतिशत घटकर 185.80 करोड़ रुपए रहा, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 205.45 करोड़ रुपए था। परिचालन आय जुलाई-सितंबर तिमाही में 9.45 प्रतिशत बढ़कर 5,036.82 करोड़ रुपए रही।

## नैनीताल बैंक को 82 करोड़ का अर्द्धवार्षिक लाभ

**नैनीताल ।** उत्तराखंड में नैनीताल बैंक ने चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में 82 करोड़ रुपये का अर्द्ध वार्षिक लाभ कमाया है। बैंक ने अपने सकल व्यवसाय में 8.75 की बढ़ोतरी दर्ज की है। यह बात बैंक के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने बैंक के प्रधान कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही। उन्होंने कहा कि बैंक का नेट वार्षिक लाभ 2.46 गुना बढ़ गया है। उन्होंने इसे बैंक के ग्राहकों, उपभोक्ताओं के साथ ही अधिकारियों और कर्मचारियों की मेहनत का परिणाम बताया।

## पूर्वी उप्र में पहली नवंबर से शुरू होगी धान खरीद

**लखनऊ।** खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत पहली नवंबर से पूर्वी उत्तर प्रदेश के जनपदों में खरीद शुरू किया जाना प्रस्तावित है, जबकि पश्चिमी यूपी के जनपदों में पहली अक्टूबर से धान खरीद प्रारंभ है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पूर्वी उप्र के 3,08,663 किसानों द्वारा धान बिक्री हेतु ऑनलाइन पंजीकरण कराया गया है तथा 2,282 कृषकों से 13,648 मीट्रिक टन धान की खरीद हुई है। गत वर्ष इस अवधि में 332 किसानों से 1614 मीट्रिक टन खरीद की गई थी। किसानों के हित में धान की आवक के दृष्टिगत पूर्वी उप्र के लखनऊ संभाग के लखनऊ, रायबरेली, उन्नाव तथा अयोध्या संभाग के जनपद सुल्तानपुर, अमेठी अयोध्या, अंबेडकर नगर, बाराबंकी में धान की खरीद 20 अक्टूबर से प्रारम्भ होगी। इसके लिए उक्त जनपदों के जिलाधिकारियों को क्रय केंद्र क्रियाशील कराते हुए किसानों से धान की खरीद प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए गए हैं। इन जनपदों में किसान 20 अक्टूबर से धान बिक्री कर सकते हैं। पिछली बार सभी एजेंसियों से 1,614 मीट्रिक टन धान की खरीद हुई थी। खाद्य व रसद विभाग के मुताबिक बुधवार तक 13648.46 मीट्रिक टन की खरीद हो चुकी है। 2282 किसान इससे अभी तक लाभान्वित हो चुके हैं। 730 केंद्रों पर 13640.22 मीट्रिक टन क्रमिक धान खरीद कॉमन व हाइब्रिड 8.24 मीट्रिक टन हुई है।



# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले नकारात्मक संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी होने से आया है। आज के कारोबार में व्यापक बाजारों में, बीएसई मिडकैप सूचकांक सपाट बंद हुआ जबकि बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक में 0.07 फीसदी की बढ़ोतरी रही। आज सुबह से ही बाजार में गिरावट रही पर दूसरी तिमाही के परिणामों के बीच कुछ शेयरों में बढ़त से बाजार को सहारा मिला। दिन भर के कारोबार के बाद तीसर शेयरों वाला बीएसई सूचकांक सेंसेक्स 247.78 अंक करीब 0.38 फीसदी टूटकर 65,629.24 अंक पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 46.40 अंक करीब 0.24 फीसदी नीचे आया। निफ्टी दिन के अंत में 19,624.70 अंक पर बंद हुआ। आज के कारोबार में सेंसेक्स के शेयरों में 9 लाभ के साथ ही ऊपर आये। नेस्ले इंडिया, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंडसइंड बैंक, बजाज फिनसर्व और एलएंडटी सेंसेक्स के सबसे अधिक लाभ वाले शेयर रहे। सबसे ज्यादा लाभ नेस्ले इंडिया के शेयरों को हुआ। इसके शेयर 3.66 फीसदी उछले। इसके अलावा एशियन पेंट्स, टाइटन, एचयूएल और टाटा मोटर्स के शेयर भी बढ़े। दूसरी ओर सेंसेक्स के शेयरों में 21 शेयर नुकसान के साथ ही लाल निशान पर बंद हुए। विप्रो, टेक महिंद्रा, एनटीपसी, सन फार्मा और जेएसडब्ल्यू स्टील के शेयर सबसे अधिक गिर। सबसे ज्यादा नुकसान विप्रो के शेयरों को हुआ। इसके शेयर 2.99 फीसदी टूटे। इससे पहले आज सुबह वै श्विक बाजारों से` मिले कमजोर संकेतों



की वजह से गुरुवार के कारोबारी दिन भारतीय शेयर बाजार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई है। बीएसई का सेंसेक्स 463.1 अंक लुढ़कर 65,413.92 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी भी 133.00 अंक की गिरावट के साथ 19538 .35 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। बुधवार को भी शेयर बाजार में भारी गिरावट देखने को मिली थी

## रुपया बढ़त पर बंद



**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय रुपया 16 पैसे की गिरावट के साथ ही 83.12 पर बंद हुआ। रुपए ने आज सीमित दायरे में कारोबार किया और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुरुआती कारोबार में तीन पैसे की बढ़त के साथ 83.25 पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी कोष की निरंतर निकासी और विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती ने निवेशकों की भावनाओं को प्रभावित किया है। इसलिए रुपया सीमित दायरे में कारोबार कर रहा है।अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.26 प्रति डॉलर के भाव पर खुला और फिर 83.25 पर पहुंच गया, ये पिछले बंद स्तर से तीन पैसे की बढ़त है। बुधवार को रुपया 83.28 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 फीसदी की बढ़त के साथ 106.60 पर रहा।

## 1.37 लाख रुपये की ओकाया मोटो फास्ट इलेक्ट्रिक स्कूटर लांच

**मुंबई।** ओकाया ईवी ने अपने मोटो फास्ट इलेक्ट्रिक स्कूटर को भारतीय बाजार में लांच कर दिया है। इसकी शुरुआती कीमत 1.37 लाख रुपये एक्स-शोरूम निर्धारित की गई है। इच्छुक ग्राहक इस स्कूटर को 2500 रुपये की टोकन राशि देकर बुक कर सकते हैं। ओकाया मोटो फास्ट में 3 राइडिंग मोड- इको, सिटी और स्पोर्ट्स मिलते हैं। कंपनी इस स्कूटर की बैटरी और मोटर पर 3 साल प्रति 30,000 किलोमीटर की वारंटी दे रही है। इस इलेक्ट्रिक स्कूटर में 3.53केवीएच ड्यूल बैटरी दी गई है। इसमें एनएफपी टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है। इस बैटरी को फुल चार्ज होने में 4-5 घंटे का समय लगता है। ये स्कूटर 110 किमी से 130 किमी का रेंज देता है। इसकी टॉप स्पीड 70 किमी प्रति घंटा है। ओकाया मोटो फास्ट इलेक्ट्रिक स्कूटर में 7-इंच टचस्क्रीन इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर दिया गया है, जो 2 गीगाहर्ट्ज प्रोसेसर और 3 जीबी रैम से लैस है। ये स्कूटर ओकाया ईवी एप्लिकेशन, जीपीएस नेविगेशन और व्हीकल स्टेटिक्स के स्पोर्ट के साथ आता है। इसके अलावा इसमें इसमें इंसीडेंट बजर, थर्मल रनवे और कॉम्बी-डिस्क ब्रेकिंग सिस्टम जैसे सेफ्टी फीचर्स दिए गए हैं।



# सरकार ने कहा, त्योहारी सीजन के दौरान खाद्य पदार्थ की कीमतें स्थिर रहेंगी

**नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार ने गुरुवार को कहा कि आगामी त्योहारी सीजन के दौरान सभी प्रमुख खाद्य पदार्थों और वस्तुओं की कीमतें स्थिर रहेंगी। खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने मीडियाकर्मियों को बताया कि सरकार कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सभी उपाय कर रही है।उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीनों में सरकार द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं कि गेहूं, चावल, खाद्य तेल और चीनी जैसी आवश्यक वस्तुओं की कीमतें स्थिर रहें।

चोपड़ा ने कहा कि भारत में चीनी दुनिया में सबसे सस्ती (44 रुपये प्रति किलोग्राम) है, हालांकि इसकी घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने और कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए चीनी निर्यात पर प्रतिबंध 31 अक्टूबर के बाद भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि 2022-23 के लिए किसानों को लगभग 95 प्रतिशत गन्ना बकाया का भुगतान किया जा चुका है। खाद्य सचिव ने कहा कि मूंगफली तेल के मामले को छोड़कर, पिछले साल से खाद्य तेल की कीमतों में भी गिरावट आई है। चावल के मामले में, चोपड़ा ने कहा कि घरेलू बाजारों में मूल्य स्थिरता और उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उबले चावल पर 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क 31 मार्च 2024 तक बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि सीमा शुल्क अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि उबले चावल की आड़ में किसी अन्य किस्म का निर्यात न हो पाए। सचिव ने बताया कि केवल कुछ मित्र देशों को ही चावल के निर्यात की अनुमति दी गई है। उन्होंने बताया कि ओएमएसएस के तहत लगभग 97,000 टन चावल बेचा गया है।




चोपड़ा ने कहा कि हालांकि पिछले कुछ महीनों से चावल की मुद्रास्फीति अब 11 प्रतिशत पर है, लेकिन फसल का मौसम शुरू होने के साथ इसमें भारी कमी आ सकती है। खाद्य सचिव ने कहा कि गेहूं की कीमतें भी नियंत्रण में हैं और पिछले एक साल में खुदरा मुद्रास्फीति लगभग 3.6 प्रतिशत रही है। थोक में भी गेहूं की महंगाई दर 3.86 फीसदी के आसपास रही है। उन्होंने कहा कि गेहूं की कीमतें बढ़ने की कोई संभावना नहीं है क्योंकि पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। चोपड़ा ने बताया कि अप्रैल 2024 तक गेहूं का 87 लाख टन स्टॉक होगा। साथ ही बफर में 76 लाख टन उपलब्ध है, जिसका उपयोग किया जा सकता है।

# इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध से अडानी को झटका, दुनिया के अमीरों की टॉप-20 लिस्ट से बाहर

**मुंबई ।**

इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध के बीच दुनिया भर के शेयर बाजारों में उथल-पुथल है। जिसका सीधा असर दुनिया के अरबपतियों के लिस्ट पर भी पड़ रहा है। भारतीय उद्योगपति गौतम अडानी दुनिया के अमीरों की टॉप-20 लिस्ट से बाहर हो गए हैं। इसके साथ ही चीन के झोंग शानशान ने एशिया के दूसरे सबसे बड़े रईस की कुर्सी छिन ली है। दूसरी ओर टेस्ला के शेयर बुधवार को 4.78 फीसद टूटे, तब एलन मस्क की संपत्ति एक ही दिन में 8.75 अरब डॉलर कम हो गई। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स की ताज सूची में एक से 14 नंबर तक के अरबपतियों की संपत्ति में लाल निशान लगा है। मस्क के बाद इन 14 लोगों में बुधवार को सबसे अधिक दौलत गंवाने वालों में जेफ बेजोस रहे। अमेजन के पूर्व सीईओ को 3.28 अरब डॉलर का झटका लगा। बिल गेट्स को 646 मिलियन डॉलर की चोट पहुंची, तब दुनिया के दूसरे नंबर के अरबपति बर्नार्ड अर्नाल्ट को 1.40 अरब डॉलर का झटका लगा। पांचवें नंबर के अमीर लैरी पेज को 1.33 अरब डॉलर का नुकसान हुआ, तब लैरी एलिशन को 1.21 अरब डॉलर की चपत लगी। वहीं मशहूर निवेशक वॉरेन बफेट अब ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स में 10वें नबर पर आ गए हैं। उन्हें बुधवार को 2.02 अरब डॉलर का झटका लगा। नौवें नंबर पर स्टीव बाल्मर हैं, जिन्हें 648 मिलियन डॉलर की चोट पहुंची। मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग को 2.46 अरब डॉलर का नुकसान हुआ और वह 8वें स्थान पर हैं। सातवें नबर पर रहे सर्गी ब्रिन को भी 1.25 अरब डॉलर की चोट पहुंची है। भारतीय अरबपतियों मुकेश अंबानी 1.24 अरब डॉलर गंवाने के बावजूद एशिया सबसे बड़े



रईस और दुनिया के 11वें नंबर के अरबपति बने हुए हैं। गौतम अडानी अब एशिया में तीसरे नंबर के रईस हैं और उन्होंने बुधवार को 538 मिलियन डॉलर गंवाए। अरबपतियों की लिस्ट में 43वें नंबर पर काबिज शिव नादर की संपत्ति 153 मिलियन डॉलर कम हुई हैं। अब इनके पास 29.4 अरब डॉलर का नेटवर्थ रह गया है।

## वित्त मंत्री ने सामुद्रिकी क्षेत्र के लिए मध्यस्थता केंद्र की वकालत की

**नई दिल्ली।**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को सामुद्रिकी क्षेत्र के लिए एक अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र स्थापित करने की वकालत की। सीतारमण ने कहा कि इससे अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों और दबावों से सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने मुंबई में वैश्विक सामुद्रिकी शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यह देश के शिपिंग परिचालन में अधिक लचीलापन भी सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि हालांकि लंदन या सिंगापुर या दुबई में अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्रों में कई भारतीय काम कर रहे हैं, लेकिन वे सभी वहां अधीनस्थ भूमिकाओं में हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि इस परिदृश्य को बदला जा सकता है। उन्होंने एक मध्यस्थता केंद्र की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा, इसे हासिल करने के लिए देश के मध्यस्थता कानून वैश्विक मानकों के अनुरूप होने चाहिए। सामुद्रिकी क्षेत्र में वित्तपोषण में सुधार की आवश्यकता के बारे में उन्होंने स्वीकार किया कि एक मजबूत बैलेंस शीट होने के बावजूद अधिक जोखिमों के कारण बैंक इस क्षेत्र को वित्त पोषित करने के लिए बहुत उत्सुक नहीं हैं। सीतारमण ने कहा कि वह इस क्षेत्र में अधिक सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के साथ बातचीत कर रही हैं। उन्होंने कहा, मैं यह भी चाहती हूं कि निजी क्षेत्र के ऋणदाता शिपिंग और समुद्री क्षेत्रों को अधिक सक्रिय रूप से देखें।

# अधिक माइलेज और कम कीमत की गाड़ियों के बजाय 26 लाख की एसयूवी ज्यादा बिकीं

**मुंबई ।**

भारतीय बाजार में अब सस्ती तथा अधिक माइलेज की गाड़ियों को एक तरफ किया जा रहा है, बदले में महंगी और आरामपसंद गाड़ियों के ऑप्शन तेजी से बढ़ रहे हैं। इस वजह से बाजार में अब एक बड़ा बदलाव देखने में आ रहा है। बता दें कि पहले केवल सस्ती हैचबैक कारें ही ज्यादा बिकती थीं, वहीं अब हैचबैक और सेडान कारों के साथ-साथ एसयूवी की डिमांड भी बढ़ती जा रही है। एसयूवी गाड़ियों ने मार्केट में अपना दबदबा कायम कर लिया है। क्योंकि कार कंपनियों ने अब हैचबैक की कीमत में ही एसयूवी गाड़ियां उतार दी हैं। जानकार बता रहे हैं कि सिर्फ सस्ती एसयूवी ही नहीं बल्कि कुछ महंगी एसयूवी भी सस्ती हैचबैक से ज्यादा बिक रहीं हैं। इसका कारण यह है क्योंकि अब ग्राहकों के पास गाड़ियों के कई ऑप्शन उपलब्ध हो गए हैं और लोग कार खरीदने के लिए अपना बजट कई गुना बढ़ा चुके हैं।

यही वजह है कि 26 लाख रुपये की एक्सयूवी-700 4 लाख रुपये की सस्ती ऑल्टो से ज्यादा बिक रही है। यदि सितंबर 2023 की सेल्स लिस्ट को देखें तो ऑल्टो के-10 की कुल 7,791 यूनिट्स बिकी हैं, जबकि उससे पांच गुना महंगी महिंद्रा एक्सयूवी 700 की 8,555 यूनिट्स बिक गई हैं।

इस तरह से ऑल्टो की बिक्री में सालाना आधार पर 69 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। वहीं मारुति ऑल्टो के-10 भारतीय बाजार में कंपनी की सबसे किफायती कार है। इसे 4 लाख रुपये की शुरूआती एक्स-शोरूम कीमत में खरीद सकते हैं। इसकी बिक्री गिरने की सबसे बड़ी वजह सेगमेंट में अन्य किफायती कारों का उपलब्ध होना है। इसके अलावा अब ग्राहक सेफ्टी फीचर्स और कार की क्वालिटी को लेकर भी अधिक सतर्क हो गए है। इस वजह से लोगों के बीच कम सेफ्टी फीचर्स और सुविधाओं के साथ आने वाली गाड़ियों की की खरीदी कम हो रही है। ऑल्टो के-10 की सबसे बड़ी खासियत इसका फ्यूल एफिसिएंट इंजन है जो पेट्रोल और सीएनजी दोनों में ही बेहतर माइलेज देता है। अगर इसे पेट्रोल में चलाते हैं तो लगभग 24 किलोमीटर प्रति लीटर की माइलेज आसानी से दे देगी। वहीं सीएनजी में ये कार 35 किलोमीटर प्रति सीएनजी की जबर्दस्त माइलेज देती है। यानी ऑल्टो के-10 को चलाने का खर्च एक बाइक जितना है।

# नए नियमों में बाजार में बिक्री के लिए लैपटॉप, सर्वर के आयात को लाइसेंस से छूट नहीं

**नई दिल्ली।**

सरकार ने गुरुवार को एक अधिसूचना जारी कर कहा कि सिर्फ पूंजीगत वस्तुओं के लिए आवश्यक अधिसूचित आईटी हार्डवेयर वस्तुओं को आयात लाइसेंसिंग आवश्यकताओं से छूट दी गई है। उदाहरण के लिए, एमआरआई मशीन, सीएनसी मशीन, मानव रहित एरियल वाहन (यूएवी) आदि जैसी मशीनरी के साथ आने वाले लैपटॉप/टैबलेट पर छूट मिलेगी। हालाँकि, यदि सर्वर या लैपटॉप आदि स्वयं प्राथमिक पूंजीगत सामान हैं, तो यह छूट लागू नहीं होती है। यानि बाजार में बिक्री के लिए आयातित लैपटॉप सर्वर को छूट नहीं मिलेगी। अधिसूचना में कहा गया है, आयातकों को एक से ज्यादा ऑथराइजेशन के लिए आवेदन करने की अनुमति है। जारी किए गए ऑथराइजेशन 30 सितंबर 2024 तक वैध होंगे। आयात के लिए ऑथराइजेशन जारी होने के बाद वैध ऑथराइजेशन पर उल्लिखित मात्रा (मात्राओं) को किसी भी बिंदु पर संशोधित किया जा सकता है बशर्ते ऑथराइजेशन का समग्र मूल्य अपरिवर्तित रहे। इसमें कहा गया है कि संशोधन के लिए आवेदन डीजीएफटी की वेबसाइट पर ऑनलाइन दाखिल किया जा सकता है।

नई आयात प्रबंधन प्रणाली के लिए कंपनियों को आयात की मात्रा और मूल्य को पंजीकृत करने की आवश्यकता होगी। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने कहा कि इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यह सब हमें उस तरह का डेटा और जानकारी प्रदान करे जिसकी हमें आवश्यकता है ताकि हमारे पास एक पूरी तरह से विश्वसनीय डिजिटल प्रणाली हो।

# भारत में पिक्सेल स्मार्टफोन बनाकर निर्यात करेगा गूगल, स्थानीयकृत एआई टूल लॉन्च किया

**नई दिल्ली।**

गूगल ने मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा देते हुए गुरुवार को कहा कि उसका लक्ष्य देश में पिक्सेल स्मार्टफोन का निर्माण/असेंबलिंग शुरू करना और अगले साल की शुरुआत में इसे अन्य देशों में निर्यात करना है। कंपनी ने यहां अपने प्रमुख वार्षिक कार्यक्रम में कई स्थानीयकृत एआई सुविधाएं शुरू करने की भी घोषणा की।गूगल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (डिवाइस और सर्विसेज) रिक ओस्टरलोह ने कहा कि कंपनी का लक्ष्य देश में मौजूदा पिक्सेल 8 स्मार्टफोन के साथ स्थानीय विनिर्माण शुरू करना है। अगले साल से इनके निर्यात की उम्मीद है। तीसरे पक्ष की रिपोर्ट के अनुसार, गूगल ने 2016 से लगभग चार करोड़ और पिछले 12 महीने में एक करोड़ पिक्सेल स्मार्टफोन निर्यात किए हैं। इसकी नई लॉन्च की गई पिक्सेल 8 श्रृंखला भारत तथा दूसरे देशों में शुरुआती लोकप्रियता हासिल कर रही है। कंपनी इस महीने की शुरुआत में भारत में अगली पीढ़ी की एआई क्षमताओं के साथ बिल्कुल नए पिक्सेल 8 और पिक्सेल 8 प्रो स्मार्टफोन और पिक्सेल वॉच 2 लेकर आई। पिछले महीने के अंत में पर्सनल कंप्यूट और प्रिंटर बनाने वाली कंपनी एचपी ने भारत में अपने क्रोमबुक के निर्माण के लिए गूगल के साथ सहयोग की घोषणा की थी।कंपनी ने फ्लैगशिप गूगल फॉर इंडिया 2023 इवेंट में देश में कई जेनरेटर एआई-केंद्रित सुविधाओं की भी घोषणा की। कंपनी ने कहा, हम इमेज और वीडियो को कई ओवरव्यू में लाकर सर्च जेनरेटर एक्सपीरियंस को अधिक विजुअल और स्थानीय बना रहे हैं। भारत में यूजर जल्द ही देश में 100 से अधिक सरकारी योजनाओं का सारांश हिंदी और अंग्रेजी दोनों में प्राप्त कर सकेंगे। गूगज ने अगस्त में यूजर्स को रिजल्ट पेज छोड़े बिना हिंदी से अंग्रेजी में स्विच करने के लिए एक टॉगल के साथ भारत में सर्च जेनरेटर एक्सपीरियंस (एसजीई) का विस्तार किया। कंपनी ने घोषणा की, सर्च में जेनरेटिव एआई जल्द ही यूजरों को सहजता से स्थानीय जगहों और शहर में होने वाले कार्यक्रमों को तलाशने में मदद करेगा। सर्च जनरेटिव एक्सपीरियंस यूजरों की समीक्षाओं को शामिल करके आपको कुछ स्थानों के बारे में विशिष्ट विवरण (जैसे कि क्या यह व्हीलचेयर से पहुंच योग्य है) में भी मदद करेगा।

# आरबीआई ने गुजरात के पांच बैंकों पर जुर्माना लगाया

**मुंबई।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नियमों के उल्लंघन के लिए गुजरात के पांच सहकारी बैंकों पर जुर्माना लगाया है, जिसमें अपने स्वयं के निदेशकों को ऋण देना शामिल है, जिसकी अनुमति नहीं है।आरबीआई ने कहा कि उसने 'सहकारी बैंक - जमा पर ब्याज दर' और 'ग्राहक संरक्षण - अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेनदेन में सहकारी बैंकों के ग्राहकों की देनदारी सीमित करना' विषयों पर आरबीआई द्वारा जारी निर्देशों के उल्लंघन के लिए गुजरात के सूरत स्थित सूरत नेशनल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड पर छह लाख रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने गुजरात के ही ढोलका स्थित पीपुल्स को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड पर 'निदेशकों, उनके रिश्तेदारों तथा उनसे संबंधित फर्मों/संस्थाओं को ऋण और अग्रिम' और 'सहकारी बैंक - जमा पर ब्याज दर' विषयों पर आरबीआई द्वारा जारी निर्देशों का पालन न करने के लिए तीन लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

इसी प्रकार 'निदेशकों, उनके रिश्तेदारों तथा उनसे संबंधित फर्मों/संस्थाओं को ऋण और अग्रिम' पर आरबीआई के दिशा-निर्देशों के उल्लंघन के लिए राज्य




के वडनगर स्थित वडनगर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड पर दो लाख रुपये और बनासकांठा के द छापी नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। 'प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों द्वारा अन्य बैंकों में जमा राशि रखने और 'अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) पर आरबीआई द्वारा जारी निर्देशों का अनुपालन न करने पर भरूच के महिला सहकारी नागरिक बैंक लिमिटेड पर दो लाख रुपये का एक और जुर्माना लगाया गया है। आरबीआई ने कहा कि इन बैंकों के खिलाफ कार्रवाई नियामक अनुपालन में कमियों पर आधारित है। इसका उद्देश्य बैंक द्वारा अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता पर निर्णय लेना नहीं है।

# एकदिवसीय विश्वकप क्रिकेट: ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान में आज होगी टक्कर

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** यहां के चिन्नास्वामी स्टेडियम में शुक्रवार को ऑस्ट्रेलियाई टीम एकदिवसीय विश्वकप के लीग मुकाबले में पाकिस्तान से मुकाबला करेगी। इस मैच में दोनो ही टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला होने के आसार हैं। जहां पाक टीम भारत से मिली हार से उबरते हुए इस मैच में जीत के साथ ही टूर्नामेंट में वापसी करना चाहेगी। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम भी जीत की लय बनाये रखने के इरादे से उतरेगी। ऑस्ट्रेलिया को पहले दो मैच में मिली हार के बाद तीसरे में श्रीलंका पर जीत मिली थी। वहीं पाक ने पहले दो मैच जीते थे पर तीसरे मुकाबले में उसे करारी हार झेलनी पड़ी। इस मैदान की पिच बल्लेबाजों के लिए आसान रही है। ऐसे में यहां बड़े स्कोर बन सकते हैं।

इस पिच पर बल्लेबाजों के लिए बड़े शॉट खेलना आसान रहा है। छोटी बाउंड्री होने की वजह से जमकर चौके-छक्के भी लगते हैं। मैच आगे बढ़ने पर पिच से स्पिनरों को सहायता भी मिलती है जबकि तेज गेंदबाजों को शुरुआत में लाभ होता है। दोनो ही टीमों के पास अच्छे तेज गेंदबाज है जिनका लाभ वे उठाना चाहेंगे। पाक की टीम के स्पिनर अब तक खासे सफल नहीं हुए है जबकि ऑस्ट्रेलिया के पास एडम जाम्पा जैसा शानदार स्पिनर है जिसका लाभ उसे मिलेगा।

अब तक चिन्नास्वामी स्टेडियम में कुल 38 एकदिवसीय मुकाबले खेले गए हैं। इसमें से 14 मैच पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जीते हैं जबकि 20 मैच लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम ने। ऐसे में यहां टॉस जीतने वाली टीम लाभ में रहेगी। ऑस्ट्रेलिया के पास इस मैच में अधिक अवसर हैं क्योंकि उसके पास अच्छे बल्लेबाज हैं जबकि पाक की बल्लेबाजी कप्तानी बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान पर ही टिकी है।




### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**ऑस्ट्रेलिया-** पैट कमिंस (कप्तान), मिचेल मार्श, डेविड वॉर्नर, स्टीव स्मिथ, मार्नस लाबुशेन, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), ग्लेन मैक्सवेल, मार्क्स स्टोयनिस, मिचेल स्टार्क, एडम जाम्पा, जोश हेजलवुड, सीन एबट, ट्रेविस हेड, एलेक्स कैरी और कैमरन ग्रीन।

**पाकिस्तान-** बाबर आजम (कप्तान) अब्दुल्ला शफीक, इमाम उल हक, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), सऊद शकील, इफ्तिखार अहमद, शादाब खान, मोहम्मद नावाज, हसन अली, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ, सलमान अगा, फखर जमां, उसामा मीर और मोहम्मद वसीम।

# अभी मेरा कोई इरादा नहीं है... वीनस विलियम्स ने टेनिस से संन्यास पर कही यह बात



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विश्व नंबर की पूर्व एक टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स ने कहा है कि उनका अभी टेनिस को अलविदा कहने का कोई इरादा नहीं है वह अगले वर्ष मार्च में होने वाली प्रतियोगिता में वापसी का लक्ष्य बना रही हैं। विलियम्स ने हाल ही में टेनिस डॉट कॉम को दिए एक साक्षात्कार में कहा उन्होंने अगले वसंत में वापसी का लक्ष्य रखा है।

विलियम्स ने कहा कि मैंने यूएस ओपन के लिए ठीक होने का पूरा प्रयास किया। मैं फॉर्म में नहीं हूं इसलिए अब मैं वापस आने तक आराम कर रही हूं। मैं मार्च को लक्ष्य बना रही हूं, तभी टूर्नामेंट वापस जाएंगे, इसलिए मेरा लक्ष्य है जब यूएस ओपन टूर्नामेंट वापस आएंगे तो यह शुरु होगा।

उल्लेखनीय है कि विलियम्स ने विंबलडन में दुर्भाग्यपूर्ण हार के बाद तीन स्पर्धाएं खेली। वह मॉन्ट्रियल में पहले दौर में हार गईं, और झेंग किनवेन से हारने से पहले चार साल में अपनी पहली शीर्ष 20 जीत के लिए सिनसिनाटी में शुरुआती दौर में वेरोनिका कुडरमेतोवा को हराया।

सीजन का उनका आखिरी मैच यूएस ओपन के पहले दौर में बेल्जियम ग्रीट मिन्नेन से 6-1, 6-1 से हार गया था। टूर्नामेंट में 100 करियर मैचों में यह विलियम्स की यूएस ओपन की सबसे एकतरफा हार थी। विलियम्स ने 2023 में सात इवेंट खेले। साल की पहली स्पर्धा ऑकलैंड में एएसबी क्लासिक में चोट लगने के कारण उनका कार्यक्रम लगभग छह महीने तक बाधित रहा।

# दिल्ली कैपिटल्स ने डब्ल्यूपीएल 2024 नीलामी से पहले रिटेन किए गए खिलाड़ियों की सूची जारी की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जेएसडब्ल्यू और जीएमआर की सह-स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स ने आज इस साल के अंत में होने वाली महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) नीलामी से पहले रिटेन और रिलीज खिलाड़ियों की अपनी सूची जारी की है। दिल्ली स्थित फ्रेंचाइजी ने 5 विदेशी खिलाड़ियों सहित कुल 15 खिलाड़ियों को बरकरार रखा है।

नीलामी से पहले विकेटकीपर-बल्लेबाज अपर्णा मंडल, सलामी बल्लेबाज जसिया अख्तर और अमेरिकी तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर तारा नॉरिस को टीम से रिलीज कर दिया गया है। मुख्य कोच जोनाथन बैटी ने कहा, 'इन खिलाड़ियों को छोड़ना हमारे लिए बिल्कुल भी आसान निर्णय नहीं था। वे सभी हमारे बेहद यादगार उद्घाटन सत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा थे और मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। हमारे पास एक ठोस टीम है और हम आगामी नीलामी में इसे और अधिक संपूर्ण बनाने का लक्ष्य रखेंगे।' सहायक कोच हेमलता काला ने कहा, फ्रेंचाइज़ी ने पिछले कुछ महीनों में कुछ ऑफ-सीज़न शिविरों का आयोजन किया, जिससे हमें एक कोचिंग समूह के रूप में उपलब्ध प्रतिभा पर नज़र डालने और हमारी शारीरिक स्थिति और कौशल का आकलन करने की अनुमति मिली। हम नए सीज़न में सफल नीलामी की उम्मीद कर रहे हैं। बता दें कि दिल्ली कैपिटल्स उद्घाटन महिला प्रीमियर लीग के फाइनल में पहुंची थी, जहां उसे मुंबई इंडियंस से हार का सामना करना पड़ा।

### दिल्ली द्वारा रिटेन किए गए खिलाड़ियों की सूची इस प्रकार है-

विदेशी खिलाड़ी: मेग लैनिंग (कप्तान), जेस जोनासेन, मारिज़ैन कप्प, एलिस कैप्सी, लॉरा हैरिस।

भारतीय खिलाड़ी: जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, शिखा पांडे, पूनम यादव, राधा यादव, अरुंधति रेड्डी, तानिया भाटिया, मिन्नू मणि, स्नेहा दीप्ति, तितास साधु।

# भारत को हराना कठिन, हालात को आंकना होगा अहम : सेंटनेर

**चेन्नई (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के स्पिनर मिशेल सेंटनेर का मानना है कि भारत को उसकी धरती पर हराना कठिन है और विश्व कप में रविवार को दो अपराजेय टीमों के बीच धर्मशाला के होने वाले आगामी मुकाबले में उनके लिये हालात को आंकना और फॉर्म में चल रहे रोहित शर्मा के बल्ले पर अंकुश लगाना अहम होगा। न्यूजीलैंड ने अभी तक विश्व कप में अहमदाबाद, हैदराबाद और चेन्नई में खेलते हुए चारों मैच जीते हैं। अब उसे धर्मशाला में भारत से खेलना है।




सेंटनेर ने कहा, 'हमें पता है कि भारत को उसकी धरती पर हराना कठिन है। हमें धर्मशाला में विकेट का आकलन अच्छे से करना होगा।' उन्होंने कहा, ''विकेट में थोड़ी रफ्तार और उछाल है। लेकिन देखना यह होगा कि क्या यह उस दिन तक रहेगा।' उन्होंने कहा, 'गेंदबाजी के दौरान पावरप्ले महत्वपूर्ण होगा। जिस तरह से रोहित उन्हें शुरूआत दे रहा है, हमें उसके बल्ले पर रोक लगानी होगी।'

सेंटनेर ने कहा, ''हमें पूरे दो अंक लेने हैं और हर मैच में हमारा यही लक्ष्य है, सामने चाहे कोई भी टीम हो। हमने अब तक इस टूर्नामेंट में हालात के अनुरूप खुद को बखूबी ढाला है।' उन्होंने कहा, ''हमने जिन मैदानों पर खेला है, सभी की पिच अलग थी। भारत के खिलाफ भी हमें खुद को हालात के अनुरूप ढालना होगा। इस मैच से पहले तालिका में शीर्ष पर रहना अच्छी बात है लेकिन यह लंबा टूर्नामेंट है और अपनी स्थिति मजबूत बनाये रखना जरूरी है।' चेन्नई सुपर किंग्स के लिये आईपीएल खेल चुके सेंटनेर के लिये यह मैदान नया नहीं था जिन्होंने तीन विकेट लिये और एक बेहतरीन कैच भी लपका। उन्होंने कहा, ''हम आईपीएल में इन विकेटों पर खेल चुके हैं। वैसे इस मैच में पिच में उछाल और टर्न अधिक था।'

# हांगझोऊ एशियाई पैरा खेलों के लिए तैयार


**हांगझोऊ (एजेंसी)।** हांगझोऊ में चौथा एशियाई पैरा खेल नजदीक है। पूर्वी चीन के झेजियांग प्रांत की राजधानी एशियाई खेलों के बाद एक और सफल खेलों की मेजबानी के लिए तैयार है। आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि एशियाई पैरा खेलों के दौरान, 19 प्रतियोगिता स्थलों में 22 खेलों को शामिल किया जाएगा। इनमें से 17 स्थानों को एशियाई खेलों के साथ साझा किया जाएगा।

जियाओशान स्पोर्ट्स सेंटर जिम्नेजियम में, कर्मचारियों ने एशियाई खेलों के दौरान इस्तेमाल किए गए वेटलिफ्टिंग प्लेटफॉर्म को पावरलिफ्टिंग के लिए नए उपकरणों से बदल दिया है। पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता के उप निदेशक गुओ किंगहोंग ने कहा, 'हम इन खेलों के लिए तीन साल से तैयारी कर रहे हैं, जिसमें पुरस्कार समारोह के लिए मंच, रैंप और पोडियम शामिल हैं, जो एशियाई खेलों से अलग हैं।' एशियाई पैरा खेलों के लिए पूरी तरह से नामित स्थानों पर भी आयोजन के लिए तैयारी की जा रही है। तांग्शी टाउन में चीन के राष्ट्रीय गोलबॉल प्रशिक्षण बेस पर, दृष्टिबाधित एथलीटों की जरूरतों को पूरी तरह से पूरा करने के लिए, स्थल के फ़ोयर से लेकर प्रत्येक कार्यात्मक कमरे और प्रतियोगिता क्षेत्र तक स्पर्शनीय फ़र्श का विस्तार किया गया है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि एथलीट सुरक्षित और आराम से नेविगेट कर सकें।

एशियन पैरा गेम्स चैनल हांगझोऊ जियाओशान अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टी4 टर्मिनल पर स्थापित किया गया है, जो 14-30 अक्टूबर तक प्रतिनिधिमंडलों के आगमन और प्रस्थान को संभालेगा। 325,000 वर्ग मीटर के क्षेत्र में फैले, एशियाई पैरा खेल गांव को हांगझोऊ एशियाई खेलों के मीडिया गांव से पुनर्निर्मित किया गया है और एशियाई पैरा खेलों के दौरान प्रतिनिधिमंडलों के लिए 3,446 कमरे सुसज्जित होंगे। 30 से अधिक शटल वाहन चौबीसों घंटे परिवहन सेवाएं प्रदान करेंगे। हांगझोऊ एशियाई पैरा गेम्स 22 से 28 अक्टूबर तक चलेंगे, जिसमें 22 खेल और 564 स्पर्धाएं प्रदर्शित होंगी।

# दुती चंद का दिल टूटा , अपनी साथी से करना चाहती थी शादी

नई दिल्ली। महिला धावक दुती चंद ने कहा है कि वह अपनी साथी मोनालिसा से शादी करना चाहती थी जो अब संभव नजर नहीं आता। दुती के अनुसार एक समय ऐसा भी आयेगा जब समाज समलैंगिक विवाह की वास्तविकता को स्वीकार करेगा। वहीं इस समुदाय की एक याचिका पर शीर्ष अदालत ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इंकार कर दिया था। दुती के अनुसार वह अपने साथी के साथ पांच साल से रिश्ते में थीं। उन्होंने कहा कि वे एक-दूसरे से प्यार करते हैं और उन्होंने साथ रहने तथा शादी करने का फैसला किया। वह कहती हैं कि मैं अपनी पार्टनर मोनालिसा से शादी करने की योजना बना रही थी पर अब ये संभव नहीं है। हम एक साथ खुश हैं और वयस्क होने के नाते हमें अपने फैसले स्वयं लेने का पूरा अधिकार है। दुती ने कहा, शीर्ष न्यायालय ने समलैंगिक व्यक्तियों को एक साथ रहने से नहीं रोका है। देश में समान लिंग वाले व्यक्तियों के बीच विवाह के लिए ऐसा कोई कानून नहीं है, इसलिए उच्चतम न्यायालय ने इसमें हस्तक्षेप नहीं किया। उन्होंने कहा- ''हमें उम्मीद है कि केंद्र सरकार और संसद निश्चित रूप से मामले पर विचार करेगी और भविष्य में समलैंगिक व्यक्तियों के बीच विवाह के लिए कानून बनाएगी।



# सिक्किम : पूर्व भारतीय कप्तान बाईचुंग भूटिया ने बाढ़ प्रभावितों के लिए किया चैरिटी फुटबॉल मैच का आयोजन

सिलीगुड़ी। पूर्व भारतीय फुटबॉल कप्तान बाईचुंग भूटिया ने एसोसिएशन फॉर कंजर्वेशन एंड टूरिज्म (एसीटी) की मदद से सिक्किम में बाढ़ प्रभावितों के लिए धन जुटाने के लिए सिलीगुड़ी में एक चैरिटी फुटबॉल मैच का आयोजन किया। मैच में पांच बार की विश्व चैंपियन और ओलंपिक 2012 में कांस्य विजेता मुक्केबाज मैरी कॉम और भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान धनराज पिल्लै ने हिस्सा लिया। सिलीगुड़ी के कई व्यवसायी और स्वयंसेवी संगठन इस मुहिम में शामिल होने के लिए आगे आए और प्रभावित लोगों के लिए लाखों रुपये का वित्तपोषण किया। मैच का लुत्फ उठाने के लिए बड़ी संख्या में लोग भी जुटे। अचानक आई बाढ़ के कारण सिक्किम को महत्वपूर्ण व्यवधानों का सामना करना पड़ा, जिससे पैदल पुलों, सड़कों और अन्य महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को नुकसान हुआ। बाईचुंग ने मैच में भाग लेने के लिए दोनों एथलीटों को धन्यवाद दिया और खुलासा किया कि मैरी चोट से पीड़ित होने के बावजूद खेलने आईं। उन्होंने कहा, यह बहुत अच्छा था, मैं मैरी और धनराज को धन्यवाद देना चाहता हूं। मैरी लिगामेंट की गंभीर चोट से उबर रही है। फिर भी, वह खेलने आई। हमने राजस्व अर्जित किया है और हम इसे दान करेंगे। हम आस-पास घर बनाने वाले लोगों के बारे में जागरूकता फैलाना चाहते हैं नदी पर प्राकृतिक आपदाएँ कभी भी आ सकती हैं इसलिए हम उन्हें इसके बारे में शिक्षित करना चाहते हैं। प्रतिष्ठित हॉकी खिलाड़ी धनराज ने चैरिटी मैच के बारे में अपना अनुभव साझा किया और हाल ही में संपन्न 19वें एशियाई खेलों में भारत की हालिया सफलता के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, अनुभव बहुत अच्छा था, मुझे यहां आकर और खेलने में खुशी हुई और मैंने इसका आनंद भी लिया। मुझे बहुत खुशी है कि हरमनप्रीत सिंह एक कप्तान हैं और सबसे वरिष्ठ खिलाड़ी श्रीजेश, मनप्रीत और मनदीप ने वास्तव में एशियाई खेलों में अच्छा प्रदर्शन किया है। यह एक टीम प्रयास था। इसमें कोई संदेह नहीं है कि हरमनप्रीत 13 गोल के साथ सर्वोच्च स्कोरर थे, इसलिए मुझे लगता है कि वे पेरिस ओलंपिक की तैयारी कर रहे हैं और मुझे खुशी है कि वे निश्चित रूप से पेरिस ओलंपिक में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

# वर्ल्ड कप 2023 में लगातार हार से परेशान श्रीलंका, रिजर्व खिलाड़ियों के रूप में मैथ्यूज, चमीरा को बुलावा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अनुभवी ऑलराउंडर एंजेलो मैथ्यूज और तेज गेंदबाज दुष्मंता चमीरा शुक्रवार को लखनऊ में रिजर्व खिलाड़ियों के रूप श्रीलंका की टीम से जुड़ेंगे। देश के क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को यह घोषणा की। मैथ्यूज और चमीरा दोनों ने पिछली एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला अफगानिस्तान के खिलाफ जून में खेली थी। मैथ्यूज 36 साल के हैं और उन्होंने 221 मैच में छह हजार के करीब रन बनाने के अलावा 120 विकेट भी चटकाए हैं।

पिछले कुछ समय में हालांकि उन्होंने अधिक गेंदबाजी नहीं की है और विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में ही खेले हैं। दाएं हाथ के 31 साल के तेज गेंदबाज चमीरा ने 44 एकदिवसीय मैच में 50 विकेट चटकाए हैं।

श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने 'एक्स' पर लिखा, ''श्रीलंका क्रिकेट घोषणा करता है कि एंजेलो मैथ्यूज और दुष्मंता चमीरा रिजर्व खिलाड़ियों के रूप में भारत में टीम से जुड़ेंगे।''

एसएलसी ने कहा, ''श्रीलंका क्रिकेट के चयनकर्ताओं ने यह फैसला किया है जिससे कि सुनिश्चित हो सके कि टीम के किसी खिलाड़ी को चोट जैसी आपात स्थिति में वैकल्पिक खिलाड़ी तैयार रहें। इसलिए मैथ्यूज और चमीरा कल टीम से जुड़ेंगे।'' श्रीलंका अपना अगला मैच लखनऊ में 21 अक्टूबर को नीदरलैंड के खिलाफ खेलेगा।



# कतर मास्टर्स शतरंज – भारत के अर्जुन और नारायनन सयुंक्त बढ़त पर



क़तर । दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित शतरंज टूर्नामेंट मेँ से एक क़तर मास्टर्स 2023 के छह राउंड के बाद भारत एसएल नारायनन और अर्जुन एरिगासी उज्बेकिस्तान के याक़ूबबोएव नोदिरबेक और जावोखिर सिंदारोव के साथ 5 अंक बनाकर सयुंक्त बढ़त पर चल रहे है जबकि टॉप सीड नॉर्वे के मैगनस कार्लसन , यूएसए के हिकारु नाकामुरा और भारत के शीर्ष खिलाड़ी डी गुकेश 4.5 अंको के साथ सयुंक्त दूसरे स्थान पर चल रहे है । छठे राउंड मे अर्जुन एरिगासी नें सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए रूस के रुडिक मकरियन को पराजित करते हुए प्रतियोगिता में अपनी चौंथी जीत दर्ज की तो एकल बढ़त पर चल रहे एसएल नारायनन नें उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तोरोव नोदिरबेक से ड्रॉ खेला । पिछला राउंड अप्रत्याशित तौर पर हारने वाले डी गुकेश नें इस राउंड में हमवतन वैशाली रमेशबाबू को पराजित किया तो मैगनस कार्लसन नें छठे राउंड में भारत के आदित्य सामंत को मात देते हुए लगातार दूसरी जीत हासिल की । एक अन्य महत्वपूर्ण परिणाम में दूसरे वरीय यूएसए के हिकारु नाकामुरा नें रूस के डेविड परावयन से ड्रॉ खेला । अब सातवे राउंड में अर्जुन का सामना नोदिरबेक से तो नारायनन का सामना सिंदारोव से होगा । जबकि मैगनस के सामने भारत के मुरली कार्तिकेयन तो नाकामुरा के सामने ईरान के परहम मघसूदलू होंगे ।

# 6 साल बाद विराट कोहली ने की इंटरनेशनल मैच में गेंदबाजी, पांड्या के जख्मी होने पर संभाली गेंद



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पुणे में भारत और बांग्लादेश के बीच वर्ल्ड कप 2023 का मुकाबला खेला जा रहा है। इस मैच में भारतीय टीम के धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली 6 साल बाद वनडे इंटरनेशनल फॉर्मेट में गेदंबाजी करते हुए नजर आए। दरअसल, हार्दिक पांड्या के चोटिल होने और मैदान से बाहर जाने के बाद नौवें ओवर की आखिरी तीन गेंदों की गेंदबाजी विराट कोहली ने की।

विराट कोहली को लंबे समय बाद क्रिके के मैदान पर यूं गेंदबाजी करता देख तमाम फैंस भी हैरान रह गए। सोशल मीडिया पर विराट कोहली का गेंदबाजी करते हुए वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। बांग्लादेशी पारी के नौवें ओवर में भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या गेंदबाजी के लिए आए। हार्दिक ने इस ओवर में तीन गेंदें फेंकी ही थी कि गेंद रोकने के दौरान उनका टखना ट्विस्ट हो गया। जिसके बाद दर्द के कारण उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। इस दौरान उसी ओवर की आखिरी बची तीन गेंदों में विराट कोहली ने गेंदबाजी का जिम्मा संभाला और महज 2 रन लुटाए।

# मेस्सी को मेजर लीग फुटबॉल की इंटर मियामी से अनुबंध के दो करोड़ 40 लाख डॉलर मिले



मेजर लीग फुटबॉल खिलाड़ी संघ ने बताया कि लियोनेल मेस्सी को इंटर मियामी के साथ एमएलएस अनुबंध के सालाना अनुबंध के दो करोड़ 40 लाख डॉलर मिले हैं। मेस्सी को बाकी सभी खिलाड़ियों के कुल वेतन से ज्यादा मिलता है। उनकी मूल तनख्वाह एक करोड़ 20 लाख डॉलर है और कुल मिलने वाली रकम दो करोड़ 40 लाख डॉलर से ऊपर है। मेस्सी को लीग में सबसे नीचे काबिज ओरलैंडो सिटी के 9.6 मिलियन डॉलर कुल वेतन से दुगुना मिलता है।

# शमी और अश्विन के सेलेक्शन पर पूर्व चीफ सेलेक्टर का बयान, कहा- 'दोनों खिलाड़ियों से पूछें प्रतिष्ठा जरूरी या वर्ल्ड कप जीतना?'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मौजूदा समय में वर्ल्ड कप 2023 के मुकाबले खेले जा रहे हैं। फिलहाल अभी तक भारत ने तीन मुकाबले खेले हैं जिसमें उसे बेहतरीन जीत हासिल हुई है। वहीं भारत अपना अगला मैच बांग्लादेश के खिलाफ पुणे में खेल रहा है। इस मुकाबले को टीम इंडिया जीतकर सेमीफाइनल का टिकट कटाने के करीब पहुंच जाएगी। वहीं आर अश्विन और मोहम्मद शमी को अभी तक टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन में मौका नहीं मिला है। जिसे लेकर पूर्व चीफ सेलेक्टर एमएसके प्रसाद ने बयान दिया है, जो रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ के आलोचकों को पसंद नहीं आएगा।

दरअसल, हिन्दुस्तान टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में एमएसके ने कहा कि, अश्विन और शमी दोनों इस सिलेक्शन से नाखुश भी नहीं होंगे। अगर आप अश्विन से पूछेंगे तो वह भी टीम प्रबंधन के फैसले से सहमत होंगे। हमें वर्ल्ड कप जीतना है न कि किसी खिलाड़ी का कद के लेवल पर सिलेक्शन करना है। अगर हम प्रतिष्ठा पर जाएं तो सिराज को नहीं खेलना चाहिए, शमी को खेलना चाहिए। ये टीम बहुत अच्छी है।

उन्होंने कहा कि, हर किसी ने इसे स्वीकार किया हुआ है। एक फैन के रूप में मुझे शमी को बाहर बैठे देखकर दुख होता है लेकिन अगर मैं कप्तान के नजरिए से देखूं तो वह जो निर्णय ले रहे हैं। वह शानदार हैं, वह प्रतिष्ठा पर नहीं जा रहे हैं। मैदान और कंडीशन को लेकर ये फैसला किया जा रहा है। वहीं अगर आप उनसे पूछेंगे तो वो भी यही कहेंगे कि वर्ल्ड कप चाहिए और जीत के लिए खेलना है।




# गोवा में राष्ट्रीय खेल शुरू, प्रधानमंत्री मोदी 26 को करेंगे औपचारिक उद्घाटन

पणजी। 37वें राष्ट्रीय खेलों का औपचारिक उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 अक्टूबर को शाम 6.30 बजे गोवा में करेंगे। हालांकि औपचारिक उद्घाटन से काफी पहले गुरुवार को बैडमिंटन टूर्नामेंट के खेलों से शुरुआत हो गई। गुरुवार सुबह यहां डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम में मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, खेल मंत्री गोविंद गौडे और अन्य की मौजूदगी में बैडमिंटन टूर्नामेंट की शुरुआत हुई। इस मौके पर मुख्यमंत्री सावंत ने कहा, ‘यह वह सपना है जिसे हमने पिछले 10 वर्षों से संजोकर रखा है और यहां इस कार्यक्रम की मेजबानी के लिए बहुत प्रयास किए गए हैं। राष्ट्रीय खेलों का यह संस्करण अत्यंत सफल होगा। मुझे उम्मीद है कि यह भविष्य में एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों और ओलंपिक में चमकने के लिए सभी एथलीटों के लिए एक आदर्श मंच के रूप में काम करेगा।'

रेडियेशन थेरेपी कैंसर की चिकित्सा का एक तरीका है जिसमें आयोनाइजिंग रेडियेशन नामक कणों का इस्तेमाल कैंसर के सेल्स को क्षति पहुंचाने के लिए होता है।

### नए सेल्स नहीं बनने देती

# रेडियेशन थेरेपी



आयोनाइजिंग रेडियेशन कैंसर के सेल्स पर प्रहार करती है और उसके आनुवांशिक तत्व को नुकसान पहुंचा कर नए सेल्स को बनने नहीं देती । रेडियेशन थेरेपी के दौरान कैंसर के सेल्स के आसपास के सामान्य सेल्स को भी क्षति पहुंचती है लेकिन यह समय के साथ ठीक हो जाते हैं। रेडियेशन थेरेपी बाह्य रूप से एक्स रे बीम्स के रूप में गामा रेज या सब एटामिक पार्टिकल्स के रूप में दी जाती है। बाह्य रूप से रेडियेशन देने की प्रक्रिया में 5 से 15 मिनट लगते हैं और इसमें दर्द नहीं होता।

## कुछ नए तरीके

चिकित्सा कितनी बार दी जानी है यह हर व्यक्ति के लिए अलग अलग होता है। कुछ स्थितियों में चिकित्सा में कई हफ्ते लग जाते हैं। आंतरिक रूप से भी रेडियेशन दिया जाता है। ऐसे में रेडियोऐक्टिव पदार्थों को शरीर की कैविटी के रख दिया जाता है या फिर ट्यूमर के सेल्स के अन्दर रखा जाता है। रेडियेशन थेरेपी के प्रभाव को बढ़ाने के लिए अपनाये जाने वाले कुछ नए तरीके हैं –

- कनफार्मल बीम तकनीक : कई बीम से एक ही समय रेडियेशन भी ली जा सकती है। ऐसा करने से रेडियेशन ट्यूमर के सेल्स पर एकत्रित हो जाता है और सामान्य टिश्यूज को कम प्रभावित करता है।
- इन्ट्राआपरेटिव रेडियेशन थेरेपी : सर्जरी के दौरान ट्यूमर पर रेडियेशन दी जाती है।
- रेडियेसेंसिटाइजर्स : यह ड्रग्स कैंसर के सेल्स पर रेडियेशन के प्रभाव को बढ़ाते हैं।
- रेडियोप्रोटेक्टर्स : यह ड्रग्स सामान्य सेल्स को रेडियेशन के द्वारा हुई क्षति से बचाते हैं जबकि आसपास के कैंसर के सेल्स क्षतिग्रस्त हो चुके होते हैं।
- रेडियोइम्यूनोथेरेपी : रेडियोएक्टिव पदार्थ एण्टीबाडीज से जुड़े होते हैं जो कि रक्षात्मक रासायन होते हैं और प्रतिरक्षा प्रणाली द्वारा बनाये जाते हैं। यह एण्टीबाडीज कैंसर के सेल्स को प्रभावित करते हैं । हमारे शरीर के एण्टीबाडीज नान कैंसरस, स्वस्थ सेल्स को प्रभावित नहीं करते हैं इसलिए इससे ट्यूमर के बाहर रेडियेशन से होने वाली क्षति का खतरा कम होता है ।

## रोग की चिकित्सा

बाह्य / एक्सटर्नल रेडियेशन थेरेपी शुरू करने से पहले रेडियेशन विशेषज्ञ चिकित्सा की योजना बनाता है। वह यह भी निर्धारित करता है कि मरीज़ को किस प्रकार की रेडियेशन और कितने सेशन देने हैं । आप शुरूआती सेशन में भाग ले सकते हैं। चिकित्सक सबसे पहले उस जगह पर निशान बनाता है जहां पर कि रेडियेशन चिकित्सा देनी होती है।




चिकित्सकीय क्षेत्र पर निशान अंकित करने के लिए आजकल छोटे गोल्ड सीड्स का इस्तेमाल किया जाता है जिन्हें कि फिड्यूकल्स कहते हैं। एक चिकित्सकीय सेशन से दूसरे चिकित्सकीय सेशन में जाने के लिए ट्यूमर पर रेडियेशन की बीम देने पर ज्यादा सावधानी की आवश्यकता होती है। इससे रेडिसेशन के फैलने का खतरा और सामान्य सेल्स को क्षति पहुंचने का खतरा कम हो जाता है।

चिकित्सा के दौरान मरीज को अस्पताल का गाउन पहनने की आवश्यकता होती है। रेडियेशन थेरेपी के कमरे में आपको या तो चिकित्सा की टेबल पर लेटना होता है या विशेष कुर्सी पर बैठना होता है। आपकी त्वचा पर बनाये निशान से चिकित्सक उस जगह को निर्धारित कर सकेगा जहां पर रेडियेशन देनी है और शरीर के दूसरे भागों पर किसी प्रकार का प्रभाव नहीं पड़ेगा ।थेरेपी लेने के दौरान आपका एक ही स्थिति में पड़े रहना जरूरी है। इसी कारण से आपके शरीर को एक सांचे में रखा जाता है। एक बार जबकि आप चिकित्सा के लिए तैयार हो जाते हैं तो रेडियेशन आनकोलाजिस्ट कमरे से बाहर निकलकर पास के कंट्रोल रूम में चला जाता है । यहां से चिकित्सक ट्रीटमेंट मशीन का प्रयोग कर एक खास खिड़की से आपकी निगरानी करता है। रेडियेशन थेरेपी के दौरान आप चिकित्सकीय मशीन की आवाज़ सुन सकते हैं और यह मशीन आपके इर्द गिर्द घूमती है । यह चिकित्सा 1 से 5 मिनट तक होती है और इसमें किसी प्रकार का दर्द भी नहीं होता । ट्रीटमेंट के कमरे में आपको 5 से 15 मिनट तक का समय लगता है । सामान्यत: यह चिकित्सा एक हफ्ते से कई हफ्तों तक की जाती है । अगर आप आंतरिक रेडियेशन थेरेपी करा रहे हैं तो आपकी चिकितसा थोड़ा अलग तरीके से होती है ।

## ब्रैकी थेरेपी

एक तरीका है ब्रैकीथेरेपी जिसे कि इन्टरस्टीशियल रेडियेशन थेरेपी भी कहते हैं । अगर आप यह प्रक्रिया करा रहे हैं तो आपको एनेस्थीसिया दिया जाता है तारों में मौजूद रेडियोएक्टिव पदार्थ या छोटे ट्यूब में पड़ा रेडियोएक्टिव पदार्थ मरीज के शरीर में ट्यूमर के स्थान पर सीधा आरोपित कर दिया जाता है। यह रेडियोएक्टिव आरोपण शरीर के अंदर रहता है या इसे कुछ समय बाद शरीर से निकाल दिया जाता है और यह बात भी कैंसर के प्रकार पर निर्भर करती है।

दूसरी प्रक्रिया जिसे कि इन्ट्राकैविटरी थेरेपी कहते हैं इसमें आपको जनरल या लोकल एनेस्थेटिक दिया जाता है और रेडियोएक्टिव पदार्थ को सीधा शरीर की कैविटी में आरोपित कर दिया जाता है। बाद में इसे निकाल भी दिया जाता है। पुराने समय से आज तक दोनों ही प्रकार की रेडियेशन थेरेपी में बदलाव आये हैं। जैसे कि रेडियेशन का स्रोत प्रोटोन भी हो सकते हैं। इस तकनीक में रेडियेशन बीम को सीधा मरीज पर केंद्रित किया जाता है। इससे अधिक मात्रा में रेडियेशन टिश्यूज तक पहुंच जाती है और यह सामान्य सेल्स को कम नुकसान पहुंचाती है ।

वितरण की नयी तकनीक को देखते हुए एक्स रे इमेजिंग तकनीक का प्रयोग भी विस्तार से हो रहा है । ऐसे दो तरीके हैं–

- थ्री डाइमेंशनल कनफार्मल रेडियेशन और इन्टेंसिटी माडूलेटेड रेडियेशन : इसका ध्येय है ट्यूमर सेल्स में रेडियेशन की सही मात्रा देना जिससे कि सामान्य सेल्स को किसी प्रकार की क्षति ना पहुंचे ।
- साइबरनाइफ थेरेपी अधिक मात्रा में रेडियेशन थेरेपी देती है और इसे छोटे अंतराल पर देना होता है। ऐसे में बहुत ही सटीक मात्रा में रेडियेशन की डोज देनी होती है। कुछ स्थितियों में रेडियेशन चिकित्सा में कुछ हफ्ते लग जाते हैं और बीमारी ठीक हो जाती है।






### बीमारी का पूर्वानुमान

चिकित्सक कुछ शरीरिक जांच, स्कैन, एक्स रे, रक्त जांच करके रेडियेशन थेरेपी का पता लगाने की कोशिश करेंगे । आपके निश्चित प्रकार की फोलो अप और जांच से यह पता चलेगा कि रेडियेशन थेरेपी की आवश्यकता है या नहीं । इस जांच से ट्यूमर की सथिति का पता चलेगा और यह भी पता चलेगा कि कैंसर कितना फैल चुका है।

रेडियेशन थेरेपी के बहुत से दूसरे अतिरिक्त प्रभाव हैं जो कि शरीर के उस क्षेत्र पर निर्भर करते हैं जिनकी चिकित्सा की जानी है। रेडियेशन थेरेपी के प्रभाव कुछ इस प्रकार से हो सकते हैं जैसे कि थकान होना, बालों का झड़ना, त्वचा के रंग में परिवर्तन, भूख ना लगना, उलटियां आना, इन्फर्टिलिटी, स्टेरिलिटी, वैजाइनल ड्राइनेस। रेडियेशन थेरेपी से दूसरे प्रकार के कैंसर का भी डर रहता है।

# पथरी के दर्द से
## राहत दिलाएं यें नुस्खे



पथरी हमारे शरीर में खुद ही बननी शुरू हो जाती है, इसके बनने में उम्र की सीमा नहीं होती ।पहले जब ये छोटे-छोटे कंकर के रूप में फिर जब यें बड़ी हो जाती है ,इसके दर्द को बर्दाशत करना बहुत मुश्किल हो जाता है। पथरी हमारे शरीर में खुद ही बननी शुरू हो जाती है जैसे पित्त की पथरी,गुर्दे की पथरी और भी किसी भी जगह यें आकार में पहले छोटी बाद मे आकार मे बढ़नी शुरू हो जाती है। कुछ घरेलु नुस्खों की सहायता से आप इस पथरी के दर्द से राहत पा सकते है।

- पथरी होने पर नारियल का पानी पीना लाभदायक होता है।
- आंवले का चूर्ण तैयार करके मूली के साथ सेवन करने से पथरी से राहत पाई जा सकती है।
- जीरे और चीनी को अच्छी तरह पीसकर इस मिश्रण का सेवन ठंडे पानी से करने से पथरी से राहत पाई जा सकती है।
- आम के पत्तों को सुखाकर उनको अच्छी तरह पीसकर रोज इनका सेवन करने से लाभ मिलता है।
- पथरी होने पर चाय,कॉफी का सेवन अधिक नहीं करना चाहिए दर्द ज्यादा होने लगता है।
- तुलसी के बीज और दूध का सेवन करने से पथरी से राहत पाई जा सकती है।
- तुलसी के पत्तों को रोजाना चबाने से इससे राहत पाई जा सकती है।
- प्याज का सेवन करने से गुर्दे की पथरी से राहत मिलती है और हो सके तो प्याज के ताजा रस का सेवन करना गुर्दे की पथरी के लिए बहुत लाभदायक साबित हुआ है।
- अंगूर का सेवन करने से गुर्दे की पथरी से निजात पाई जा सकती है।

### ऐसा-वेसा मत समझना बड़े काम का है ये
# टमाटर

जो व्यक्ति सप्ताह में दस से ज्यादा टमाटर खाता है उसे प्रोस्टेट कैंसर होने का खतरा 18 प्रतिशत कम रहता है। यह जानकारी एक अनुसंधान में सामने आई है। इस निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए ब्रिस्टोल विश्वविद्यालय और आक्सफोर्ड



विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्ताओं ने प्रोस्टेट कैंसर से पीड़ित 50 और 69 वर्ष की उम्र के 1,806 लोगों की खुराक और जीवनशैली पर ध्यान दिया और उसकी 12005 कैंसर मुक्त लोगों के साथ तुलना की।

अध्ययन में प्रोस्टेट कैंसर की 'आहारीय तालिका' विकसित की जिसमें आहारीय अवयवों सेलेनियम, कैलसियम और वैसे खाद्य पदार्थ जिसमें लाइकोपिन की प्रचुरता होती है, शामिल किया गया। यह पाया गया कि जिन लोगों ने इन तीन आहारीय अवयवों को खाने में शामिल किया उनमें प्रोस्टेट कैंसर की आशंका कम पाई गई। टमाटर और उसके उत्पाद जैसे टमाटर का जूस और पकाए हुए बीन सबसे ज्यादा गुणकारी पाए गए। 10 भाग से ज्यादा खाने वाले पुरुषों में बीमारी होने का खतरा 18 प्रतिशत कम पाया गया।

# आपके फेफड़े के लिए गुड है
## Good Cholesterol

हालिया अध्ययन में यह बात सामने आई है कि फेफड़े के उच्च रक्तचाप के इलाज में गुड कोलेस्ट्रॉल यानी उच्च घनत्व वाले लिपोप्रोटीन (एचडीएल) कारगर भूमिका निभाते हैं। चूहों पर किए गए अध्ययन में शोधकर्ताओं ने खुलासा किया कि गुड कोलेस्ट्रॉल फेफड़े के रक्तचाप के दौरान शरीर में



ऑक्सीकृत लिपिड के उत्पादन को कम करता है। साथ ही यह भी पाया गया कि ऑक्सीकृत लिपिड के कम बनने से फेफड़े और दिल की कार्यशैली में सुधार होता है।

लॉस एंजेलिस के कैलीफोर्निया विश्वविद्यालय के डेविड गेफेन स्कूल ऑफ मेडिसिन में ज्ञानेन्द्रिय विज्ञान के प्रोफेसर डॉ.मंसोर एगबाली ने कहा, ''एचडीएल कोलेस्ट्रॉल ऑक्सीकृत लिपिड की मात्रा कम करने में सहायक है, इससे इलाज के विकास में मदद मिलेगी।'' उल्लेखनीय है कि फेफड़े का उच्च रक्तचाप एक गंभीर बीमारी है, जिसमें रोगी के फेफड़े की विभिन्य रक्त नलियां संकरी हो जाती है, जिसके कारण रक्तचाप बढ़ जाता है।

# मोटापा और मद्यपान से गंभीर बीमारी का खतरा



जानकारी

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने अपने ताजा शोध में कहा है कि 75 साल की उम्र होने तक औसत यूरोपीय महिलाओं की तुलना में ब्रिटिश महिलाओं में कैंसर की बीमारी विकसित होने का ज्यादा खतरा होता है। स्काई न्यूज के अनुसार एक औसत के मुताबिक यूरोप में 75 साल की उम्र तक पहुंचने वाली प्रत्येक पांचवी महिला कैंसर से पीड़ित हो जाएंगी। दूसरी ओर ब्रिटेन में करीब एक चौथाई महिलाएं कैंसर से पीड़ित होंगी। ऐसा इसलिए है कि ब्रिटेन में मोटापे और मद्यपान करने की दर बढ़ती जा रही है। वैसे शोधकर्ताओं का कहना है कि लोगों के कैंसर की बीमारी के चपेट में आने में आनुवांशिकी की एक बड़ी भूमिका होती है। उनका विश्वास है कि यदि लोग स्वास्थ्यवर्धक भोजन लें व व्यायाम करें तो सामान्य प्रकार के कैंसर की कई बीमारियों से बचा जा सकता है। शारीरिक रूप से सक्रिय रहने और स्वास्थ्यवर्धक शाकाहारी भोजन लेने, कम नमक खाने और लाल व प्रसंस्कृत मांस न लेने से कैंसर की बीमारियों में कमी आ सकती है। महिलाओं में स्तन कैंसर सबसे सामान्य है। विशेषज्ञों का कहना है कि जीवनशैली में बदलाव करके स्तन कैंसर के 10 में से करीब चार मामलों में जान बचाई जा सकती है। विश्व कैंसर अनुसंधान कोष (डब्ल्यूसीआरएफ) के रिचर्ड ईवान्स कहते हैं, एक देश के रूप में हम यूरोपीय औसत के मुकाबले कहीं ज्यादा मोटापाग्रस्त हो रहे हैं और हम ज्यादा शराब पीते हैं। इसलिए इस तरह के परिणाम सामने आना कोई आश्चर्य नहीं है। ब्रिटेन के कैंसर अनुसंधान केंद्र के प्रमुख पॉल मॉस का कहना है, जब खान-पान की बात आती है तो हम दिल की बीमारियों के विषय में ज्यादा सोचते हैं लेकिन कैंसर के खतरे के विषय में ज्यादा नहीं सोचते।



खुजली हमारे शरीर के किसी भी भाग में हो परेशानी का कारण बन सकती है ।यें किसी भी तरह की संक्रमण के कारण पैदा हो सकती है और हमारा सारा ध्यान इस खुजली में ही लगा रहता है। हम इस खुजली से राहत पाने के लिए कई यत्न करते है ।कुछ

# पैरों में होने वाली खुजली से राहत दिलवाएं कुछ घरेलु उपाय

घरेलु उपायों का प्रयोग करके पैरों की खुजली से राहत पाई जा सकती है।


- सबसे पहले पैरों की सफाई की तरफ विशेष ध्यान दें,पैरों को धोने के बाद जल्दी-जल्दी मोज़े नहीं पहनने चाहिए,पहले पैरों को अच्छी तरह सुखाकर फिर मोज़े पहनने चाहिए ।इससे न तो पैरों में बदबू पैदा होगी और न ही पैरों में खुजली की समस्या पैदा होगी।
- पैरों को साफ करने के लिए एक टब में गुनगुने पानी में थोड़ा नमक डालकर पैरों को टब के बीच में रखें,फिर थोड़ी देर के बाद पैरों को निकालकर किसी कपड़े से अच्छी तरह साफ करने से खुजली की समस्या से राहत पाई जा सकती है।
- पैरों में खुजली होने पर सफेद सिरका प्रयोग करने से राहत पाई जा सकती है।
- पैरों को साफ करके उस पर एलोवेरा जैल का प्रयोग करने से खुजली से राहत पाई जा सकती है।
- रात को सोने से पहले रोज़ाना पैरों को अच्छी तरह साफ करके इस पर अच्छे मॉइस्चराइजर से मसाज़ करने से पैरों मे रूखापन खत्म हो जाता है और खुजली की समस्या से राहत मिलती है।
- टब में गुनगुना पानी लेकर उसमें नींबू का रस मिलाकर पैरों को पानी के बीच में रखने से पैरों की खुजली समाप्त हो जाती है।
- बेंकिग सोडा का पेस्ट तैयार करके अपने पैरों में लगाने से पैरों की खुजली से राहत पाई जा सकती है।
- नीम की पत्तियों को पानी में डालकर उस पानी में पैरों को थोड़ी देर रखने से खुजली समाप्त हो जाती है।

## आईडीएफ का दावा, आतंकवादी समूह से जुड़े सैकड़ों बुनियादी ढांचे नष्ट किए गए

जेरूसलम । इजराइल और हमास के बीच संघर्ष गुरुवार को भी जारी रहा। इजराइली रक्षा बलों ने कहा कि युद्ध की शुरुआत के बाद से फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह से जुड़े सैकड़ों बुनियादी ढांचे नष्ट किए गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक आईडीएफ ने कहा कि वह पूरे गाजा पट्टी में हमले जारी हैं। सेना ने कहा कि एंटी-टैंक मिसाइल प्रक्षेपण स्थलों, सुरंग, खुफिया बुनियादी ढांचे, परिचालन मुख्यालय और अन्य मुख्यालयों को नष्ट कर दिया। आईडीएफ ने दावा किया कि दस से अधिक आतंकवादियों को भी मार गिराया गया। इजरायल-लेबनान सीमा पर चल रहे तनाव के बारे में आईडीएफ ने कहा कि 24 घंटों में पड़ोसी देश से कई टैंक रोधी मिसाइलें दागी गईं। लेबनान से इजराइल में 9 मियाइल दागी गई। हमारी सेनाओं ने इसका जवाब हमलों गोलीबारी करके दिया और टैंक फायर का उपयोग करके हिजबुल्लाह आतंकवादी बुनियादी ढांचे पर हमला किया।आईडीएफ प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल जोनाथन कॉनरिकस ने स्वीकार किया कि हाल के दिनों में हिजबुल्लाह द्वारा इजराइल के साथ झड़पों में वृद्धि हुईहै। कॉनरिकस ने कहा, हिजबुल्लाह ने लेबनान से इजराइल में कई एंटी-टैंक मिसाइलें दागीं, इससे सैन्य और नागरिक दोनों स्थलों को निशाना बनाया गया और दोनों को नुकसान हुआ।

## गूगल ने समाचार प्रभाग से 40-45 कर्मचारियों को निकाला

सैन फ्रांसिस्को । अनिश्चित आर्थिक स्थितियों को देखकर गूगल ने अपने समाचार प्रभाग में दर्जनों नौकरियों में कटौती की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अल्फाबेट कर्मचारी यूनियन के प्रवक्ता के अनुसार गूगल समाचार में कम से कम 40-45 कर्मचारियों ने अपनी नौकरी खो दी है। रिपोर्ट में कंपनी के प्रवक्ता के हवाले से बताया गया कि हम एक जीवंत सूचना पारिस्थितिकी तंत्र के लिए




गहराई से प्रतिबद्ध हैं और समाचार उस दीर्घकालिक निवेश का एक हिस्सा है। कंपनी ने कहा, हमने अपने संगठन को सुव्यवस्थित करने के लिए कुछ आंतरिक परिवर्तन किए हैं। बहुत कम संख्या में कर्मचारी प्रभावित हुए हैं। हम आउटप्लेसमेंट सर्विस और पैसे के साथ हर किसी का समर्थन कर रहे हैं। गूगल समाचार प्रभाग अभी भी सैकड़ों लोगों को रोजगार देता है। गूगल समाचार हजारों प्रकाशकों और पत्रिकाओं के लेखों के लिंक प्रस्तुत करता है। गूगल न्यूज के स्टाफ इंजीनियर ने छंटनी के संबंध में लिंक्डइन पर लिखा, मैंने अब तक जिनके साथ काम किया है उनमें ये सबसे अच्छे और प्रतिभाशाली लोग हैं। हम निश्चित रूप से उनके बिना बदतर स्थिति में हैं। जनवरी में गूगल ने घोषणा की थी कि वह 12,000 नौकरियों को कम कर रहा है, जिससे पूर्णकालिक कार्यबल का लगभग 6 प्रतिशत प्रभावित होगा। पिछले महीने, कंपनी ने अपने भर्ती संगठन से सैकड़ों पद हटा दिए।

## फिलिस्तीनियों का समर्थन, लेकिन उन्हें पनाह देने से डरे जॉर्डन और मिस्त्र

काहिरा । इजरायल और हमास के युद्ध के बीच अरब देश खुलकर फिलिस्तीनियों का समर्थन कर रहे हैं। लेकिन जब बात गाजा के लोगों के पनाह देने की आती है, तब वे दो टूक जवाब देकर अपनी सीमा खोलने से इनकार कर देते हैं। गाजा के लोग संकट के बीच शरण मांग रहे हैं लेकिन ना जॉर्डन उन्हें अपनाने को तैयार है और ना ही मिस्त्र। बता तें कि जॉर्डन में पहले से ही बड़ी संख्या में फिलिस्तीनी रहते हैं। वहीं मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल सीसी ने कहा है कि इजरायल का हमला इसकारण भी है, ताकि फिलिस्तीनी एजिप्ट चले जाएं। उन्होंने कहा कि इस युद्ध से क्षेत्रीय शांति भंग हो रही है। जानकारों का कहना है कि जॉर्डन और मिस्त्र को डर है कि कहीं इजरायल फिलिस्तीनियों को गाजा से निकालने के लिए उन्हें परमानेंट माइग्रेट ना कर दे। अगर ऐसा होता है, तब एजिप्ट के सिनाई में भी आतंकी संगठन पैदा हो सकते हैं जहां से वे इजरायल पर हमला कर 40 साल का शांति समझौता टूट जाएगा। मिस्त्र चाहता है कि इजरायल गाजा पर हमला रोक दे ताकि फिलिस्तीनी मिस्त्र में पनाह ना ढूंढें। वरना यह मिस्त्र के लिए बड़ा संकट बन सकता है। स्पष्ट बात यह है कि मिस्त्र उतना गाजा के लिए नहीं चिंतित है जितना खुद के लिए। कम से कम 60 लाख फिलिस्तीनी शरणार्थी वेस्ट बैंक, गाजा, लेबनान, सीरिया और जॉर्डन में रहते हैं। 1948 में इजरायल बनने के बाद फिलिस्तीनी इन इलाकों में जाकर बसने लगे थे। उस वक्त इजरायल से करीब 7 लाख फिलिस्तीनी निकले और इसे नकबा के नाम से जाना जाता है। इजरायल ने उन्हें फिर वापस नहीं आने दिया। यूएन के मुताबिक मिस्त्र पहले से ही आर्थिक संकट से जूझ रहा है। सूडान से भी तीन लाख लोग मिस्त्र पहुंच गए हैं। इसके साथ ही मिस्त्र में कम से कम 90 लाख शरणार्थी हैं। अरब देश और बहुत सारे फिलिस्तीनियों को डर है कि इजरायल फिलिस्तीनियों की मांग को एकदम खत्म करने के लिए गाजा से भी उन्हें भगाकर कब्जा करने वाला है।

## महिला पुलिसकर्मी ने बच्चे को थप्पड़ मारा, प्रत्यक्षदशी ने केस किया, मिली सजा

लंदन। बर्मिंघम में एक पूर्व महिला पुलिसकमी ने एक 12 साल के बच्चे को थप्पड़ जड़ दिया। इस घटना को लेकर एक प्रत्यक्षदशी को काफी गुस्सा आया और उसने मामला दर्ज करा दिया। प्रकरण कोर्ट में पहुंचा तो महिला को सजा दी गई और कहा गया कि यदि दोषी महिला नौकरी में होती तो बखाश्ती जरुर होती,चूंकि नौकरी में नहीं है कि इसलिए केवल सजा ही दी जा रही है। दरअसल पूर्व महिला पुलिसकमी शरणजीत कौर ने पिछले महीने वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस कांस्टेबल के पद से इस्तीफा दे दिया था। ब्रिटेन के इंडिपेंडेंट ऑफिस फॉर पुलिस कंडक्ट (आईओपीसी) की ओर से जांच किये जाने के बाद कौर को आरोपित किया गया था। पिछले हफ्ते, 41-वर्षीय कौर बर्मिंघम मजिस्ट्रेट कोर्ट के सामने पेश हुई थी जिसने उसे 12 महीने की सामुदायिक सजा सुनाई। यदि किसी दोषी व्यक्ति का अपराध जेल की सजा देने लायक नहीं होता है तो न्यायाधीश या मजिस्ट्रेट सामुदायिक आदेश सुना सकता है। आईओपीसी के क्षेत्रीय निदेशक डेरिक कैंपबेल ने कहा, ''पुलिस अधिकारी केवल तभी बल प्रयोग कर सकता है जब यह आवश्यक, आनुपातिक और परिस्थितियों की दृष्टि से उचित हो। महिला पुलिस अधिकारी के पास उस लड़के पर हमला करने का कोई पुलिसिंग उद्देश्य या अन्य उचित कारण नहीं था, क्योंकि अधिकारी को कोई वास्तविक खतरा नहीं था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, ''महिला अधिकारी के प्रहार से लड़के के गाल पर जख्म हो गया था। जब एक दर्शक ने उसे चुनौती दी तो उसने खुद को एक पुलिस अधिकारी बताया। अदालत ने कहा कि यदि वह (पूर्व अधिकारी) अब भी पुलिस कांस्टेबल के रूप में सेवा कर रही होती, तो उसे बर्खास्त कर दिया गया होता। कौर को 'कॉलेज ऑफ पुलिसिंग की प्रतिबंधित सूची में भी शामिल किया जाएगा, ताकि उसे भविष्य में ब्रिटिश पुलिस सेवा में नौकरी करने से रोका जा सके।

## ब्रिटेन के महाराजा ने इजराइल-गाजा संघर्ष के बीच धार्मिक सहिष्णुता की वकालत की

लंदन। ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय ने मौजूदा समय में अंतरराष्ट्रीय उथल-पुथल के कारण लोगों की मौत पर शोक व्यक्त करते हुए धार्मिक सहिष्णुता और बहु-आस्था दृष्टिकोण के महत्व की वकालत की है। महाराजा चार्ल्स तृतीय ने परोक्ष रूप से पश्चिम एशिया में इजराइल-गाजा संघर्ष का उल्लेख करते हुए यह टिप्पणी की। ब्रिटेन के महाराजा ने बुधवार शाम को लंदन शहर के 'मेंशन हाउस' में एक भाषण में कहा कि ब्रिटेन में विभिन्न धर्मों को मानने वाले लोग रहते हैं और यही इसकी ताकत है तथा 'हमारे साझा मूल्य ही हमें एकजुट करने वाली शक्ति है' और यह याद दिलाती है कि 'हमें विभाजित करने की तुलना में हमें एकजुट करने वाले कारक अधिक हैं'। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ब्रिटेन का समाज दुनिया के चारों कोनों से आए लोगों से बना है तथा उनके साझा इतिहास और अनुभवों से पोषित एवं समृद्ध हुआ है। महाराजा चार्ल्स तृतीय ने कहा, ''संप्रभु के रूप में मेरे पहले कार्यों में से एक, लगभग एक साल पहले, इन द्वीपों में प्रतिनिधित्व करने वाले प्रमुख धर्मों के नेताओं के लिए बकिंघम पैलेस के दरवाजे खोलना था। सम्मान और वास्तव में प्यार के साथ उनका स्वागत करने के लिए, और देश में विभिन्न धर्मों को मानने वाले लोगों की रक्षा करने के लिए अपना जीवन फिर से समर्पित करना ही मेरा कार्य है।'

# हमास को आर्थिक मदद करने वालों पर अमेरिकी प्रतिबंध



**वाशिंगटन (एजेंसी)।** राष्ट्रपति जो बाइडेन के इजरायल पहुंचने और युद्ध को रोकने के तरीके पर इजरायल के नेताओं के साथ चर्चा करने के बाद अमेरिकी सरकार ने आतंकवादी संगठन हमास को वित्त पोषित करने के लिए मध्य-पूर्व के 10 प्रमुख हस्तियों पर प्रतिबंध लगाया है।

रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका ने मध्य-पूर्व, विशेष रूप से सूडान में हमास के दस सदस्यों और फाइनेंसरों पर वित्तीय प्रतिबंध लगाया, जिसमें आतंकवादी संगठन को लाभ पहुंचाने के लिए गुप्त निवेश पोर्टफोलियो से जुड़े आंकड़े भी शामिल थे। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने कहा कि नए प्रतिबंधों को गाजा और सूडान, तुर्किये, अल्जीरिया और कतर सहित अन्य जगहों पर दस प्रमुख हमास आतंकवादी समूह के सदस्यों, संचालकों और वित्तीय सुविधा देने वालों पर लक्षित किया गया था, जो एक सतत प्रयास का हिस्सा था। अमेरिका वेस्ट बैंक और गाजा और पूरे क्षेत्र में हमास के राजस्व के स्रोतों को जड़ से उखाड़ फेंकेगा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अब अमेरिकी प्रतिबंधों के दायरे में आने वालों में मूसा मुहम्मद सलीम डुडिन और अब्देलबासित हमजा एलहसन मोहम्मद खैर शामिल हैं, जो क्रमशः वेस्ट बैंक और सूडान में स्थित हमास के दो फाइनेंसर हैं। डुडिन समूह के राजनीतिक ब्यूरो और निवेश कार्यालय के सदस्य हैं, जिन्होंने हमास कैदियों पर बातचीत में भी भाग लिया है। आरोप है कि उन्होंने स्वीकृत कंपनियों का स्वामित्व हस्तांतरित कर उनमें हमास के हित को छुपाने का काम किया। ट्रेजरी विभाग ने कहा कि सूडान स्थित निवेशक हमजा पर हमास के निवेश पोर्टफोलियो में कई कंपनियों का प्रबंधन करने और पहले हमास को लगभग 2 करोड़ डॉलर के हस्तांतरण में शामिल होने का आरोप है। बयान में, ट्रेजरी सचिव जेनेट येलेन ने कहा कि अमेरिका बच्चों सहित इजरायली नागरिकों के क्रूर और अचेतन नरसंहार के बाद हमास के फाइनेंसरों और मददगारों को निशाना बनाने के लिए त्वरित और निर्णायक कार्रवाई कर रहा है।हम हमास के आतंकवादियों को अत्याचारों को अंजाम देने और इज़राइल के लोगों को आतंकित करने के लिए धन जुटाने और उपयोग करने की क्षमता से वंचित करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाना जारी रखेंगे।उन्होंने कहा, इसमें प्रतिबंध लगाना और अपने अधिकार क्षेत्र में हमास से संबंधित किसी भी संपत्ति को ट्रैक करने, फ्रीज करने और जब्त करने के लिए सहयोगियों और भागीदारों के साथ समन्वय करना शामिल है।अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने स्पष्ट किया कि अमेरिकी प्रतिबंधों का लक्ष्य फिलिस्तीनियों को नहीं, बल्कि हमास के आतंकवादियों और उनके समर्थन नेटवर्क को निशाना बनाना है।हमास अकेले उस नरसंहार के लिए ज़िम्मेदार है जो उसके आतंकवादियों ने इज़राइल के लोगों का किया है। उन्होंने सभी बंधकों को तुरंत रिहा करने का आह्वान किया।अमेरिकी प्रतिबंधों की घोषणा तब की गई, जब राष्ट्रपति जो बाइडेन तेल अवीव की यात्रा के दौरान इजरायली नेताओं से मुलाकात कर रहे थे, जिसमें प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनके युद्ध मंत्रिमंडल के साथ शीर्ष पर थे।

## द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए विदेश मंत्री जयशंकर सिंगापुर के शीर्ष नेतृत्व से मिलेंगे

सिंगापुर। विदेश मंत्री एस जयशंकर सिंगापुर के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति थर्मन षणमुगरत्नम एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करेंगे। इसके साथ ही वह द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा करेंगे और भविष्य में सहयोग बढ़ाने के अवसर तलाशेंगे। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि जयशंकर 19 से 21 अक्टूबर तक सिंगापुर की यात्रा पर रहेंगे। सिंगापुर के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा, जयशंकर की यात्रा सिंगापुर और भारत के बीच घनिष्ठ और दीर्घकालिक संबंधों की पुष्टि करती है। यह संबंध रणनीतिक विश्वास की मजबूत बुनियाद पर बने हैं। यात्रा के दौरान जयशंकर सिंगापुर के राष्ट्रपति षणमुगरत्नम, उप प्रधानमंत्री और वित्तमंत्री लॉरेंस वोंग और वरिष्ठ मंत्री एवं राष्ट्रीय सुरक्षा के समन्वय मंत्री टेयो ची हीन से मुलाकात करेंगे। थर्मन ने 14 सितंबर को सिंगापुर के राष्ट्रपति के रूप में पदभार संभाला था। मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर रक्षा मंत्री एनजी इंग हेन, विदेश मंत्री डॉ विवियन बालकृष्णन, गृह और कानून मंत्री के षणमुगम और व्यापार और उद्योग मंत्री गैन किम योंग से भी मुलाकात करेंगे। बयान में कहा गया, 'यह यात्रा दोनों पक्षों के लिए हमारे द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा करने, भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के तहत डिजिटलीकरण और कौशल विकास सहित उभरते क्षेत्रों में सहयोग का अन्वेषण करने और क्षेत्रीय तथा वैश्विक विकास पर विचारों का आदान-प्रदान करने का अवसर होगी।' भारत के विदेश मंत्रालय ने इस सप्ताह की शुरुआत में नयी दिल्ली में कहा था कि जयशंकर सिंगापुर में भारतीय मिशन प्रमुखों के क्षेत्रीय सम्मेलन की भी अध्यक्षता करेंगे।

# ये पूरी दुनिया की लड़ाई है...सुनक के सामने बोले नेतन्याहू- हमें एक साथ खड़े होने और जीतने की जरूरत




**तेल अवीव (एजेंसी)।** तेल अवीव में इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ने संयुक्त प्रेस वार्ता की है। नेतन्याहू ने कहा कि यह केवल हमारी लड़ाई नहीं है बल्कि यह पूरी दुनिया की लड़ाई है। यह हमारा सबसे काला समय है, यह दुनिया का सबसे काला समय है। हमें एक साथ खड़े होने और जीतने की जरूरत है। ब्रिटिश के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा कि पिछले दो हफ्तों में यह(इज़रायल) देश कुछ ऐसे दौर से गुज़रा है जिसे किसी भी देश नहीं सहना चाहिए। मुझे पता है कि हमास के आतंकवादियों के बिल्कुल विपरीत आप नागरिकों को नुकसान पहुंचाने से बचने के लिए हर सावधानी बरत रहे हैं। मैं आपको उस समर्थन के लिए भी धन्यवाद देना चाहता हूं जो आपकी सरकार ने इस भयावहता में फंसे ब्रिटिश नागरिकों के परिवारों को दिया है, जिसमें बंधकों को रिहा करने, उनकी रिहाई सुनिश्चित करने के आपके प्रयास भी शामिल हैं।

सुनक ने कहा कि मैं यह भी कह सकता हूं कि हमने पिछले दिनों ऐसे दृश्य देखे हैं, जिन्होंने हम सभी को झकझोर कर रख दिया है, खासकर अस्पताल में मारे गए लोग और उसके अलावा मारे गए हर निर्दोष व्यक्ति, हर धर्म के नागरिकों, हर राष्ट्रीयता के नागरिकों की मौत पर हम संवेदना व्यक्त करते हैं। हम यह भी मानते हैं कि फ़िलिस्तीनी लोग भी हमास के पीड़ित हैं इसीलिए मैं कल आपके उस फैसले का स्वागत करता हूं जो आपने यह सुनिश्चित करने के लिए लिया कि गाजा में मानवीय सहायता के प्रवेश के लिए रास्ते खोले जाएंगे। मुझे इज़राइल के सबसे बुरे समय में आपके साथ यहां खड़े होने पर गर्व है... हम आपके लोगों के साथ खड़े रहेंगे और हम यह भी चाहते हैं कि आप जीतें।

## 'नासा का मार्स हेलिकॉप्टर मंगल पर नई उड़ान भरने का प्रयास करेगा'

**लॉस एंजिल्स (एजेंसी)।** अमेरिकी अंतरिक्ष संस्थान नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) अपना मार्स हेलीकॉप्टर को इस सप्ताह मंगल ग्रह (लाल ग्रह) भेजने की योजना बना रहा है। नासा ने बुधवार को यह जानकारी दी। नासा ने बताया कि लाल ग्रह की 63वीं नई उड़ान 19 अक्टूबर से पहले निर्धारित नहीं है। नासा ने उम्मीद जतायी है कि उसका मार्स हेलिकॉप्टर लाल ग्रह में एक नए हवाई क्षेत्र में खुद को स्थापित करने के लिए 137 सेकंड के लिए लगभग 574 मीटर की उड़ान भरेगा। प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक अब तक हेलीकॉप्टर ने 62 उडानें भरी है और मंगल ग्रह पर कुल 113 मिनट के समय में 13.9 किलोमीटर की कुल दूरी तय की है। नासा के मुताबिक इन्जनूइटी नाम का हेलिकॉप्टर 18 फरवरी, 2021 को मंगल ग्रह के जेज़ेरो क्रेटर पर पहुंचा, जो नासा के पर्सवीरेंस रोवर के बेली से जुड़ा हुआ था। यह पहली बार किसी अन्य ग्रह पर संचालित उड़ान का परीक्षण करने के लिए एक प्रौद्योगिकी प्रदर्शन है। नासा के अनुसार हेलिकॉप्टर को एक बार में लगभग 300 मीटर की दूरी और जमीन से लगभग तीन से 4.5 मीटर की दूरी तक 90 सेकंड तक उड़ान भरने के लिए डिज़ाइन किया गया था। नासा का मंगल ग्रह पर पर्सीवरेंस का एक बड़ा लक्ष्य खगोल जीव विज्ञान के बारे में सीखना है, जो प्राचीन छोटे जीवन रूपों के संकेत खोजने के बारे में है। नासा ने बताया वो ऐसे चीजों की तलाश कर रहे हैं जो केवल जीवत चीजों द्वारा बनायी जा सकती है। अब तक इस बात का कोई सबूत नहीं है कि लाल ग्रह पर जीवन मौजूद था, लेकिन छिपी हुई गुफाओं में या सतह के बहुत नीचे सरल जीवन रूप रहे होंगे। वैज्ञानिक यह भी सोचते है कि एन्सेलेड्स ओर यूरोप के महासागरों जैसे स्थानों में जीवन की संभावना हो सकती है। जो मंगल से भी दूर अंतरिक्ष में अन्य ग्रहों के रूप में है।

## 4 साल बाद पाकिस्तान लौट रहे नवाज शरीफ, भ्रष्टाचार के मामलों में कोर्ट से मिली जमानत

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने बुधवार को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) में एक सुरक्षात्मक जमानत याचिका दायर की, जिसमें पूर्व प्रधान मंत्री नवाज शरीफ को लंदन से लौटने पर अधिकारियों को हिरासत में लेने से रोकने की मांग की गई। पाकिस्तान की एक अदालत ने लंदन में चार साल से अधिक समय तक आत्म-निर्वासन के बाद देश लौटने से पहले पूर्व प्रधान मंत्री नवाज शरीफ को जमानत दे दी है। डॉन की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने गुरुवार को शरीफ की याचिका को स्वीकार कर लिया और उन्हें एवेनफील्ड और अल-अजीजिया मामलों में 24 अक्टूबर तक सुरक्षात्मक जमानत दे दी।

इसका मतलब यह है कि पीएमएल-एन सुप्रीमो को पाकिस्तान लौटने पर गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है, जो 21 अक्टूबर को होने की उम्मीद है। एसोसिएटेड प्रेस की एक रिपोर्ट के अनुसार, पीएमएल-एन ने बुधवार को आईएचसी में एक सुरक्षात्मक जमानत याचिका दायर की, जिसमें अधिकारियों को नवाज शरीफ को लंदन से लौटने पर हिरासत में लेने से रोकने की मांग की गई। तीन बार पूर्व प्रधान मंत्री शरीफ इस महीने तक लंदन में स्व-निर्वासित निर्वासन में रह रहे थे। 2019 में एक अदालत के सामने पेश होने में विफल रहने के बाद उन्हें भगोड़ा माना जाता है। भ्रष्टाचार के एक मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद शरीफ ने 2017 में प्रधान मंत्री के रूप में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

दो साल बाद, भ्रष्टाचार के नए आरोपों का सामना करते हुए, उन्होंने सीने की बीमारियों की शिकायत की और उनके उत्तराधिकारी इमरान खान ने उन्हें चिकित्सा उपचार के लिए लंदन जाने की अनुमति दे दी। 2019 में, शरीफ ने चिकित्सा प्रतिबंधों का हवाला देते हुए लंदन में अपना प्रवास बढ़ा दिया, जिसने उन्हें देश छोड़ने से रोक दिया। 2018 में नवाज शरीफ को एवेनफील्ड प्रॉपर्टीज भ्रष्टाचार मामले में उनकी ज्ञात आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में 10 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी।

# जैसे ही पुतिन ने चीन में शिखर सम्मेलन में बोलना किया शुरू, उठ कर जाने लगे यूरोपीय यूनियन के प्रतिनिधि



**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन ने अरबों डॉलर की बुनियादी ढांचा परियोजना बेल्ट एंड रोड कॉरिडोर (बीआरआई) का जश्न मनाने के लिए एक शिखर सम्मेलन इस सप्ताह आयोजित किया। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बीजिंग के ग्रेट हॉल ऑफ द पीपुल में कई विश्व नेताओं और 1,000 से अधिक प्रतिनिधियों की उपस्थिति में समारोह की शुरुआत की और व्लादिमीर पुतिन के साथ मंच साझा किया। इस दौरान पुतिन के भाषण से ठीक पहले यूरोपीय प्रतिनिधियों सहित कई लोग शिखर सम्मेलन से बाहर चले गये। समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने बताया कि उन प्रतिनिधियों में फ्रांस के पूर्व प्रधान मंत्री, यूरोपीय जीन-पियरे रफ़रिन भी थे। कार्यक्रम के वीडियो में रफ़रिन और अन्य प्रतिनिधि ग्रेट हॉल से बाहर निकलते हुए नजर आए। एक क्लिप में पुतिन को अपने सहयोगियों के साथ तथाकथित परमाणु ब्रीफ़केस ले जाते हुए भी दिखाया गया है, जिसका उपयोग परमाणु हमले का आदेश देने के लिए किया जा सकता है। अपने भाषण में पुतिन ने चीनी नेता को उनके निमंत्रण के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि रूस चीन के प्राचीन सिल्क रोड के आधुनिक पुनरुद्धार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि रूस और चीन दुनिया के अधिकांश देशों की तरह, सभ्यता की विविधता और प्रत्येक के अधिकार का सम्मान करते हुए सार्वभौमिक टिकाऊ और दीर्घकालिक आर्थिक प्रगति और सामाजिक कल्याण प्राप्त करने के लिए समान, पारस्परिक रूप से लाभप्रद सहयोग की इच्छा साझा करते हैं। राज्य अपने स्वयं के विकास मॉडल के लिए। रूसी राष्ट्रपति पुतिन और चीनी नेता शी जिनपिंग ने बीजिंग में मुलाकात की और विदेश नीति में करीबी समन्वय का आह्वान किया। यूक्रेन पर मास्को के आक्रमण और ताइवान के खिलाफ बीजिंग के बढ़ते जोखिम पर पश्चिम के साथ संभावित टकराव को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। पिछले फरवरी में यूक्रेन पर रूस की कार्रवाई से कुछ हफ्ते पहले, पुतिन ने बीजिंग में शी से मुलाकात की थी और दोनों पक्षों ने असीमित रिश्तों का वादा करते हुए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

## केरमाडेक द्वीप क्षेत्र में भूकंप के तेज झटके

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड के उत्तर में स्थित केरमाडेक द्वीप क्षेत्र में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय समय के अनुसार गुरुवार को तड़के 00.45 बजे महसूस किए गए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.3 मापी गयी। भूकंप का केंद्र धरती की सहत से 10.0 किलोमीटर की गहराई में 29.38 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 176.22 डिग्री पश्चिम देशांतर में था।

# गाजा में हुए बदतर हालात: बगैर बेहोश किए फर्श पर हो रहे हैं ऑपरेशन



**गाजा पट्टी (एजेंसी)।** इजराइल और हमास आतंकियों के बीच चल रही जंग में हर रोज सैकड़ों लोग घायल हो रहे हैं। जिसमें बच्चे, बूढ़े और महिलाएं शामिल हैं। घायलों की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है। अस्पताल में मरीजों को भर्ती करने की जगह नहीं बची है। हालात इतने ज्यादा खराब हैं कि अस्पताल में न तो दवाएं हैं और न ही ऑपरेशन के लिए जरुरी उपकरण। ऐसे में मरीजों को बिना 'एनेस्थीसिया' मतलब बगैर बेहोश किए ही उनका ऑपरेशन करने को डॉक्टर मजबूर है। जो जहां है वहीं फर्श पर लिटाकर ऑपरेशन किए जा रहे हैं।

अल-अलही अस्पताल में काम करने वाले प्लास्टिक सर्जन ग़ासन अबू सित्ता ने कहा कि उन्होंने एक जोरदार विस्फोट की आवाज सुनी और उनके ऑपरेशन कक्ष की छत गिर गई। उन्होंने फेसबुक पर लिखा, घायल लड़खड़ाते हुए हमारी ओर आने लगे। ग़ासन ने कहा कि उन्होंने सैकड़ों मृत और गंभीर रूप से घायल लोगों को देखा। उन्होंने कहा, मैंने एक आदमी की जांघ पर पट्टी बांधी, जिसका पैर अलग हो गया था और फिर एक व्यक्ति की देखभाल करने गया, जिसकी गर्दन में गहरी चोट लगी थी। 'एसोसिएटेड प्रेस' ने एक वीडियो की पुष्टि की है, जिसमें अस्पताल के मैदान में शवों के टुकड़े बिखरे हुए दिख रहे हैं। मृतकों में कई छोटे बच्चे थे और इमारत में आग लगी हुई है। वीडियो में देखा जा सकता है कि अस्पताल के बाहर कंबल, स्कूल बैग और अन्य सामान बिखरा हुआ है।

एंबुलेंस और निजी कारों के जरिए लगभग 350 हताहतों को गाजा शहर के मुख्य अस्पताल अल-शिफा पहुंचाया गया, जो पहले से ही अन्य हमलों में घायल हुए लोगों से भरा हुआ है। अस्पताल के निदेशक मोहम्मद अबू सेल्मिया यह जानकारी दी। वहीं गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-किद्रा ने कहा कि पीड़ितों को गंभीर चोटें लगीं। कुछ के सिर फटे हुए थे जबकि कुछ के अंग कटे हुए या गायब थे। डॉक्टरों ने अस्पताल में फर्श पर और हॉल में सर्जरी कीं। ज्यादातर सर्जरी एनेस्थीसिया के बगैर की गईं। अबू सेल्मिया ने कहा हमें उपकरण, दवा, बिस्तर, एनेस्थीसिया और अन्य चीजों की जरूरत है।

बता दें ?कि इजरायल की तरफ से हो रही बमबारी और क्षेत्र की नाकाबंदी के बीच हुए इस हमले में अस्पताल के करीब शरण लिए हुए कई लोगों की मौत हो गई है। चरमपंथी समूह हमास ने अस्पताल पर हमले के लिए इजरायल को जिम्मेदार बताया है जबकि इजरायली सेना का कहा है कि फिलस्तीनी चरमपंथियों की ओर से दागा गया एक रॉकेट निशाना चूक गया, जिसकी वजह से यह घटना हुई। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार हमले में कम से कम 500 लोगों की मौत हुई है।

## गेहूं का एमएसपी बढ़ाना मजबूरी : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भले ही गेहूं पर न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी बढ़ाने का श्रेय लेने का प्रयास कर रही है लेकिन सच यह है कि ऐसा करना आवश्यकता थी इसलिए समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी की गई है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को यहां जारी बयान में कहा कि गेहूं की एमएसपी में बड़ी बढ़ोतरी करने का श्रेय लेने की बजाय श्री मोदी को जवाब देना चाहिए कि आखिर मध्य प्रदेश में सोयाबीन एमएसपी से नीचे क्यों बिक रहा है और सरकार सस्ते दाम पर खाद्य तेलों का आयात क्यों कर रही है। उन्होंने कहा 'गेहूं के एमएसपी में 150 रुपए प्रति कुंतल बढ़ोतरी की गई है। हमेशा की तरह, प्रधानमंत्री इस 'बड़ी' बढ़ोतरी के लिए श्रेय ले रहे हैं। लेकिन हक़ीक़त कुछ और ही है। यह सरकार के गेहूं भंडार के एकदम ख़ाली होने के कगार पर पहुंचने के कारण हुआ है।' श्री रमेश ने कहा 'दरअसल सच्चाई यह है कि यह पहली बार नहीं हुआ है जब गेहूं के एमएसपी में इस तरह 150 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी हुई है। एमएसपी में बढ़ोतरी पहले भी हुई है और इससे काफ़ी ज़्यादा हुई है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के शासनकाल में गेहूं के एमएसपी में 119 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी जबकि नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में सिर्फ़ 57 प्रतिशत हुई है, लेकिन अभी एमएसपी का बढ़ना, जो कि एक आवश्यकता है, उसे भी प्रधानमंत्री उपकार के रूप में पेश कर रहे हैं।' उन्होंने कहा 'एमएसपी बढ़ाने का श्रेय लेने से पहले इन सवालों का भी जवाब देना चाहिए कि संयुक्त किसान मोर्चा की एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी की मांग का क्या हुआ। यह तो ऐसे समय में और भी महत्वपूर्ण है जब प्रधानमंत्री के मित्रों द्वारा निजी खरीदारी बढ़ती जा रही है। मध्यप्रदेश में सोयाबीन एमएसपी से नीचे क्यों बिक रहा है और सरकार सस्ते खाद्य तेल का आयात क्यों कर रही है, जो इस साल 1.7 लाख टन को पार करने जा रहा है - अब तक का सबसे ज्यादा। इन सवालों पर प्रधानमंत्री चुप्पी कब तोड़ेंगे।'

## हनुमानगढ़ी के पुजारी की गला काटकर हत्या

अयोध्या। अयोध्या के हनुमानगढ़ी के सहायक पुजारी की धारदार हथियार से गला काटकर हत्या की खबर है। मंदिर के आश्रम के एक कमरे में मिली लाश के चारों तरफ खून बिखरा हुआ था। मृतक पुजारी की शिनाख्त संत कबीरनगर के कांटा निवासी राम सहारे दास के तौर पर हुई। जिस कमरे में वारदात हुई वहां से महज 40-50 फीट की दूरी पर पुलिस तैनात थी। लेकिन, पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। आइजी रेंज प्रवीण कुमार और एसएसपी राजकरन नय्यर ने घटनास्थल का जायजा लिया। वहां लगा सीसीटीवी कैमरा कई दिनों से बंद मिला है। मृतक हनुमानगढ़ी के साकेतवासी महंत दुर्बल दास के शिष्य थे। घटना की जानकारी गुरुवार की सुबह हुई। उनके कमरे का दरवाजा काफी देर तक न खुलने पर लोगों को शंका हुई। राम सहारे दास का कमरा बंद देख एक साधु के धक्का देने पर खुले दरवाजे के अंदर शव देख पु?लिस को जानकारी दी। राम सहारे दास बसंतिया पट्टी से जुड़े थे। थाना प्रभारी मणिशंकर तिवारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि राम सहारे दास का अंबेडकरनगर के भीटी में जमीनी विवाद चल रहा है।

## ऑपरेशन अजय के तहत भारत वापस आए 1200 भारतीय, एमईए ने कहा- गाजा में हालात कठिन

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि अजय ऑपरेशन के तहत 5 फ्लाइट में 1200 लोग वापस आए हैं इनमें से 18 नागरिक नेपाल के भी हैं और फ्लाइट भेजने का प्लान चल रहा है। परिस्थिति का जायज़ा लिया जा रहा है। गाज़ा में पहले तकरीबन 4 लोग थे लेकिन हमारे पास पुख्ता आंकड़े नहीं हैं, वेस्ट बैंक में 12-13 लोग थे। गाज़ा में स्थिति ऐसी है कि वहां से निकलना थोड़ा मुश्किल है। जी 20 वर्चुअल शिखर सम्मेलन पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि निमंत्रण बढ़ा दिए गए हैं। देशों को तारीख पता है। हमारे पास नवंबर में एक निश्चित तारीख है। हम अधिक से अधिक नेताओं की भागीदारी की आशा करते हैं। वे कर सकते हैं। यह एक आभासी कार्यक्रम है। भागीदारी आमंत्रित व्यक्ति पर निर्भर है। लेकिन हमें उम्मीद है कि इस शिखर सम्मेलन में उच्च स्तर की भागीदारी होगी। मालदीव के साथ सहयोग पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि हमने जो सहायता और मंच प्रदान किया है, उसने लोगों के कल्याण, मानवीय सहायता, आपदा राहत और अवैध समुद्री गतिविधियों से निपटने जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पिछले पांच वर्षों में, 500 से अधिक चिकित्सा निकासी की गई हैं... भारत मालदीव के लिए पहला प्रतिक्रियाकर्ता रहा है। हम आने वाले प्रशासन के साथ रचनात्मक रूप से जुड़ने और अपने संबंधों को और बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए तत्पर हैं।




## गाजियाबाद में मोदी की जनसभा को लेकर सुरक्षा चाकचौबंद

गाजियाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 20 अक्टूबर को होने जा रही जनसभा को लेकर कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा व्यवस्था चाकचौबंद कर दी गई है। कार्यक्रम स्थल पर संदिग्ध वस्तुओं की जांच के लिए बम निरोधक दस्ता भी पहुंचा था। इस दौरान रैपिडएक्स रेल का ट्रायल भी किया गया। दिल्ली मेरठ रैपिडएक्स ट्रेन के उद्घाटन और जनसभा को संबोधित करने प्रधानमंत्री 20 अक्तूबर को साहिबाबाद पहुंचने वाले हैं। उससे पहले जनसभा स्थल पर तैयारियां युद्ध स्तर पर पूर्ण कर ली गईं। इसी कड़ी में जनसभा स्थल पर जांच के लिए सुरक्षा एजेंसी के सदस्य भी पहुंचे हुए थे। गौरतलब है कि देश की पहली रैपिडएक्स ट्रेन के कॉरिडोर का उद्घाटन 20 अक्तूबर को प्रधानमंत्री मोदी साहिबाबाद से करेंगे। पहले चरण में साहिबाबाद से दुहाई तक 17 किलोमीटर लंबे प्राथमिकता खंड पर ट्रेनों का परिचालन प्रधानमंत्री के हरी झंडी दिखाने के बाद दूसरे दिन से सेवाएं प्रारंभ हो जाएगीं। इससे पहले रैपिडएक्ट रेल का ट्रायल किया गया, जिसमें रैपिड रेल ने 152 किलोमीटर प्रति घंटा से ज्यादा की स्पीड पकड़ी। जहां तक रैपिडएक्स रेल में यात्रियों के लिए सुविधाओं की बात है तो ट्रेन के कोच में धूप और रोशनी से बचने के लिए व्हाइट बोर्ड फ्रेम लगाया गया है। ट्रेन में छह कोच होंगे, इनमें प्रीमियम श्रेणी के टिकट पर सफर करने वाले यात्रियों के लिए एंट्री अलग होगी। प्लेटफार्म के जिस हिस्से पर कोच लगेगा, उसके सामने ही यात्रियों के बैठने के लिए कुर्सियों का इंतेजाम रहेगा, ताकि ट्रेन आने का यदि इंतजार करना पड़े तो यात्री आराम से बैठ सकें। इसके लिए भी टोकन या टिकट स्कैन करने पर एंट्री गेट खुलने की व्यवस्था की गई है। स्टैंडर्ड श्रेणी वाले टिकट धारी यात्रियों के लिए यह सुविधा उपलब्ध नहीं होगी।

## मौत सामने दिखी तो टॉप फ्लोर से छलांग लगाने से नहीं चूका शख्स

बेंगलुरु। बीते रोज कोरामंगला इलाके की एक बहुमंजिला इमारत में भीषण आग लगी हुई थी। लोग अपनी अपनी जान बचाकर भाग रहे थे। वहीं दूसरी तरफ कई दमकलें आग बुझाने का प्रयास कर रही थीं जबकि प्रशानिक अमला रेस्क्यू में लगा हुआ था। इसी बीच एक शख्स ने जब देखा कि आग अपना भयंकर रुप ले रही है, और उसके बचने की चांस कम होते जा रहे हैं। ऐसे में उसे कुछ नहीं सूझा और अचानक इमारत की आखिरी मंजिल से छलांक लगा दी। जानकारी के मुताबिक छलांग लगाने वाला युवक गंभीर रुप से घायल हुआ है जिसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती करया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। इस घटना में दो लोग गंभीर रुप से झुलस गए है। बता दे कि बुधवार को मंजिला इमारत की सबसे ऊपरी मंजिल पर स्थित 'हुक्का बार एंड कैफे में दोपहर के आसपास आग लग गई जहां कई रसोई गैस सिलेंडर रखे थे। घटना के समय आसपास के लोगों ने एक विस्फोट की आवाज भी सुनी। एक दमकल अधिकारी ने कहा, ''हमने आठ दमकल वाहन मौके पर भेज दिये और हमारे वरिष्ठ अधिकारी वहां हैं। आग को बुझा लिया गया है। दो लोगों को गंभीर चोट आई है। लोगों ने जैसे ही इमारत से धुआं निकलता देखा, उन्होंने पुलिस और दमकल विभाग को सूचित कर दिया। उस समय कैफे में कोई ग्राहक नहीं था।



# सभी अटकलों पर शरद पवार ने लगाया विराम, नहीं लड़ेंगे 2024 का आगामी लोकसभा चुनाव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सभी अटकलों पर विराम लगाते हुए, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) प्रमुख शरद पवार ने गुरुवार को स्पष्ट कर दिया कि वह 2024 में आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। सूत्रों के अनुसार, 82 वर्षीय नेता ने एक समीक्षा के दौरान यह बात कही। पश्चिमी और उत्तरी महाराष्ट्र के सात लोकसभा क्षेत्रों में पार्टी की तैयारियों का जायजा लेने के लिए यह बैठक हुई थी। कथित तौर पर पार्टी नेताओं ने पवार से आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने का आग्रह किया था। बैठक में एनसीपी की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले, प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल और अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। राकांपा प्रमुख डिंडोरी, अहमदनगर, हिंगोली, वर्धा, अमरावती, बीड, भिवंडी और जालना सीटों पर तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।

इससे पहले बुधवार को, पवार ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन के सदस्यों के बीच सीट आवंटन को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा। महाराष्ट्र में पवार के नेतृत्व वाली राकांपा, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना और कांग्रेस एमवीए के तीन सदस्य हैं। विशेष रूप से, ये तीनों दल विपक्ष के I.N.D.I.A गुट का भी हिस्सा हैं। सूत्रों ने कहा कि पवार ने भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार की विफलताओं को भी उजागर किया और पार्टी कार्यकर्ताओं को इन कमियों के बारे में जनता को खुलकर बताने के लिए प्रोत्साहित किया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी फिलहाल टूट का भी सामना कर रही है।

अजित पवार भाजपा-शिंदे सरकार में शामिल हो गए। उनके साथ पार्टी के कई और बड़े नेता भी शामिल हुए। 18वीं लोकसभा के सदस्यों के चुनाव के लिए आम चुनाव अप्रैल और मई 2024 के बीच होने की उम्मीद है। वर्तमान लोकसभा का कार्यकाल जून 2024 में समाप्त होने वाला है। पिछला आम चुनाव अप्रैल-मई 2019 में हुआ था। चुनाव के बाद, भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए ने केंद्र सरकार बनाई, जिसमें नरेंद्र मोदी प्रधान मंत्री बने रहे।



## नंबवर से मध्यप्रदेश, राजस्थान धुंआधर प्रचार करेगी मायावती, दोनों राज्यों में 8-8 सभाएं

नई दिल्ली। देश में अगले माह पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इस लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हैं। बीजेपी-कांग्रेस के दिग्गज नेता इन राज्यों में बड़ी-बड़ी जनसभाएं कर रहे हैं। इस बीच बसपा चीफ और पूर्व सीएम मायावती ने भी मैदान में उतरने का मूड बना लिया है। सूत्रों के अनुसार मायावती के प्रस्तावित शेड्यूल की जानकारी मिली है, जिस पर केंद्रीय कॉर्डिनेटर रामजी गौतम ने भी कहा कि बहन जी के कार्यक्रम की शीघ्र घोषणा होगी। जानकारी के मुताबिक बसपा प्रमुख मायावती नवंबर से चुनावी मैदान में उतरेंगी। इस दौरान वह 11 दिनों में 20 ताबड़तोड़ रैलियां करेंगी। इसके लिए मध्यप्रदेश, राजस्थान, छतीसगढ़ और तेलंगाना के पदाधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। पांच में से चार राज्यों में ही मायावती का दौरा होगा, इसमें भारी भीड़ जुटाने के आदेश प्रदेश यूनिट को जारी किए गए हैं। रैलियों में मायावती के भतीजे और पार्टी के नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद, पूर्व राज्यसभा सदस्य और केंद्रीय कोर्डिनेटर अशोक सिद्धार्थ, केंद्रीय कॉर्डिनेटर रामजी गौतम सहित आदि पदाधिकारी मौजूद रहने वाले हैं। बसपा की ओर से बताया जा रहा हैं कि बहनजी 6,7,8,14 नंवबर को मध्यप्रदेश में 8 सभाएं करेगी। वहीं 9 नवंबर को छत्तसीगढ़ में मायावती की दो जनसभा हैं प्रस्तावित हैं। राजस्थान में 17,18,19 और 20 नवंबर को 8 जनसभाएं करने का बहनजी का कार्यक्रम तय हो रहा हैं। 22 और 23 नम्बर को तेलंगाना का दौरा कर बसपा प्रमुख, दो जनसभाएं करेगी।



# गांधी का सामाजिक एकता और समानता का दृष्टिकोण ही आगे का रास्ता है: मुर्मू

**मोतिहारी (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि एक सदी पहले महात्मा गांधी द्वारा पेश की गई सामाजिक समानता और एकता की दृष्टि देश के आधुनिक और विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में अब भी प्रासंगिक है। मुर्मू ने बिहार के पूर्वी चंपारण जिला मुख्यालय मोतिहारी में महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह में अपने संबोधन में यह टिप्पणी की।

राष्ट्रपति ने 15 मिनट से भी कम समय के अपने भाषण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा 'चंपारण सत्याग्रह' को समर्पित किया जिसमें गांधी ने क्षेत्र में नील बागान मालिकों के प्रतिरोध का नेतृत्व किया था। बिहार के राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं अन्य लोगों की मौजूदगी में मुर्मू ने कहा, 'चंपारण सत्याग्रह के दौरान लोगों ने खासकर खानपान के संबंध में जातिगत बाधाओं को त्याग दिया। उन्होंने साथ मिलकर खाना पकाया एवं खाया। 106 साल पहले गांधी ने जिस सामाजिक समानता और एकता की प्रेरणा दी थी उसने शक्तिशाली ब्रिटिश साम्राज्य को झुकने के लिए मजबूर कर दिया।' उन्होंने कहा, 'सामाजिक समानता और एकता का दृष्टिकोण आज भी प्रासंगिक बना हुआ है। आधुनिक समय में इसे उस नींव के रूप में अपनाया जाना चाहिए जिस पर हम एक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य को साकार कर सकेंगे।'

इस शीर्ष संवैधानिक पद पर चुने जाने वाले अनुसूचित जनजाति की पहली शख्स ने कहा कि गांधी 'जनजातियों' पर केंद्रित शैक्षणिक कार्यों को प्रोत्साहित करते थे। उन्होंने भारत आकर यहीं बस गए और राष्ट्रीय आंदोलन का समर्थन करने एवं मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के आदिवासियों का अध्ययन करने के लिए अपना जीवन समर्पित कर देने वाले ब्रिटिश मूल के नृवंशविज्ञानी और मानवविज्ञानी वेरियर एल्विन के साथ गांधी की घनिष्ठ मित्रता को भी याद किया। मुर्मू ने भारत-नेपाल सीमा के साथ तराई क्षेत्र में रहने वाले थारू जनजाति के सदस्यों पर अध्ययन को प्रोत्साहित करने के लिए इस केंद्रीय विश्वविद्यालय की सराहना भी की।

उन्होंने सम्राट अशोक के कई स्तंभ शिलालेखों का गढ रहे चंपारण के समृद्ध इतिहास को भी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा, ''दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में आने वाले सभी आगंतुक रामपुरवा बुल कैपिटल को ध्यान से देखते हैं, जो पश्चिम चंपारण जिले में पाया गया था और जिसे दरबार हॉल के प्रवेश द्वार पर स्थापित किया गया है।' राष्ट्रपति ने पास में स्थित वाल्मिकी टाइगर रिजर्व और क्षेत्र में उगाई जाने वाली प्रसिद्ध लीची का भी उल्लेख किया जो दूर-दराज के देशों में निर्यात की जाती है। उन्होंने कहा, 'मुझे यह जानकर खुशी हुई कि इस विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों में शीर्ष रैंक पाने वालों में छात्राओं की संख्या करीब 60 प्रतिशत है। जब मैं लड़कियों को आत्मविश्वास के साथ पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करती हुई पाती हूं तो मुझे देश का उज्ज्वल भविष्य दिखाई देता है। गांधी भी बालिका शिक्षा के एक महान समर्थक थे।'




## भारत सरकार की चेतावनी, बिना अनुमति हैंग ग्लाइडर उड़े तो मार गिराया जाएगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने हैंग ग्लाइडर उड़ाने को लेकर साफ कहा है कि यदि बिना अनुमिति हैंग ग्लाइडर आसमान में उड़े तो तत्काल मार गिरया जाएगा। सरकार ने इसके उपयोग को लेकर नियम सख्त कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि अब बिना परमिशन के हैंग ग्लाइडर नहीं उड़ाए जा सकते है। बता दें कि इजराइल पर हमास के आतंकी हमले के बाद भारत में डीजीसीए ने नेशनल सिक्योरिटी को देखते हुए हैंग ग्लाइडिंग के नियमों को कड़ा कर दिया है। भारत में हैंग ग्लाइडर उड़ाने के लिए अब डीजीसीए से परमिशन लेने की जरूरत होगी। बिना परमिशन इसकी बिक्री भी नहीं की जा सकती है और ऐसा कोई करता है तो दुकान शट डाउन कर दी जाएगी। इसके साथ ही हैंग ग्लाइडर्स पायलटों को सभी मानदंड पूरे करने होंगे और लाइसेंसिंग की जरूरतो को भी पूरा करना होगा। बता दें कि यह उपाय हमास के हमलों के बाद किए जा रहे हैं क्योंकि हमास ने हैंग ग्लाइडर का भी प्रयोग किया था। नए नियमों के अनुसार भारतीय आसमान में हैंग ग्लाइडर उड़ाने के लिए डीजीसीए से परमिशन लेनी होगी। अनधिकृत हैंग ग्लाइडर उड़ानों के गंभीर परिणाम होंगे।

बता दें कि इसमें ग्लाइडर को मार गिराए जाने या जब्त किए जाने की संभावना भी शामिल है। इसके अलावा निजी हैंग ग्लाइडर बेचने के लिए भी डीजीसीए से अनुमति लेनी होगी, वहीं संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराने होंगे। ग्लाइडर के संभावित खरीदारों को अब केंद्रीय गृह मंत्रालय से मंजूरी प्रमाण पत्र लेना जरूरी होगा। ताकि इसे खरीदने वाले की जांच भी की जा सके। इनके अलावा हैंग ग्लाइडर पायलटों के लिए कड़ी सुरक्षा जरूरते भी पूरी करनी होगी। यानि हैंग ग्लाइडर को कम से कम 50 घंटे की उड़ान का अनुभव होना चाहिए। साथ ही दो इंजन वाले ग्लाइडर के लिए कम से कम 10 घंटे की उड़ान का अनुभव होना चारिए। हैंग ग्लाइडर बिना इंजन वाली हल्की उड़ने वाली मशीनों की तरह काम करते हैं। ये आम तौर पर साधारण, त्रिकोण के आकार के पंख पर लेटकर लोगों को हवा में उड़ान कराते हैं। यह एक फ्रेम के माध्यम से पायलट को अपनी जगह पर रखते हैं। ऊपर, नीचे या अगल-बगल जाने के लिए पायलट अपने शरीर को हिलाता है और कंट्रोल पैनल का उपयोग करता है।

## हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ठाकुर ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की

**शिमला(एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और राज्य में भारी बारिश के कारण हुई क्षति के मौजूदा हालातों पर चर्चा की। बृहस्पतिवार को जारी एक बयान में कहा गया कि ठाकुर ने बुधवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और उम्मीद जताई कि केंद्र सरकार राज्य को सहायता देना जारी रखेगी। ठाकुर ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा घोषित 4,500 करोड़ रुपये के विशेष राहत पैकेज में बड़ी हिस्सेदारी केंद्र की है। नेता प्रतिपक्ष ने दावा किया कि आपदा आते ही राज्य सरकार ने डीजल के दाम पांच रुपये प्रति लीटर बढ़ा दिये और क्रेशर बंद कर दिये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को आपदा प्रभावित लोगों के प्रति नरमी बरतनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनावी वादे पूरे करने के लिए होते हैं, न कि पिछली सरकार के विकास कार्य को रोकने के लिए। ठाकुर ने प्रधानमंत्री से किरतपुर-सुंदरनगर चार लेन राजमार्ग का उद्घाटन के लिए हिमाचल प्रदेश का दौरा करने का भी अनुरोध किया। राज्य में अगस्त और सितंबर में हुई भारी बारिश के कारण कई लोगों को जान चली गई थी और बड़े स्तर पर बुनियादी ढांचे को भी नुकसान पहुंचा था।



# केसीआर विधानसभा चुनाव हारने वाले हैं : राहुल गांधी ने तेलंगाना रैली में कहा

**हैदराबाद, (एजेंसी)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह इस बात को महसूस कर रहे हैं कि मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) तेलंगाना में विधानसभा चुनाव हारने जा रही है। राज्य में कांग्रेस की जारी 'विजयभेरी' यात्रा के दौरान भूपालपल्ली से पेद्दापल्ली के रास्ते में एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आगामी चुनावी लड़ाई दोराला (सामंती) तेलंगाना और प्रजाला (जनता) तेलंगाना के बीच है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि केसीआर चुनाव हारने वाले हैं। यह दोराल तेलंगाना और प्रजाला तेलंगानाज राजा और प्रजा के बीच लड़ाई है।'

राहुल गांधी ने चंद्रशेखर राव पर निशाना साधते हुए कहा कि 10 साल बाद भी तेलंगाना के मुख्यमंत्री लोगों से दूरी बनाए हुए हैं। तेलंगाना में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए राहुल ने केसीआर का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य में सारा नियंत्रण सिर्फ एक परिवार के पास है। एआईसीसी नेता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) केसीआर को छोड़कर सभी विपक्षी नेताओं पर हमला करती है और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) एवं आयकर विभागों का इस्तेमाल कर उनके खिलाफ मामले दर्ज करती है। उन्होंने कहा कि जब वह देश में जाति जनगणना का मुद्दा उठाते हैं तो न तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और न ही केसीआर इस पर कुछ बोलते हैं।



# मध्यप्रदेश में 20 साल पुराना इतिहास दोहराने की तैयारी में सपा, अखिलेश यादव ने बनाई रणनीति

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में भले ही समाजवादी पार्टी ने साल 2024 के चुनाव कांग्रेस के साथ चुनाव लड़ने की तैयारी कर रखी हैं। लेकिन मध्य प्रदेश के चुनावी रणभूमि में सपा ने बीजेपी के साथ कांग्रेस को भी पटखनी देने की योजना बना ली है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव एमपी के रीवा में दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे थे। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या मध्य प्रदेश में सपा 20 साल पुराना चुनावी इतिहास दोहरा पाएगी। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में सपा इस बार पूरे दमखम के साथ किस्मत आजमा रही है। सपा ने मध्यप्रदेश की छह विधानसभा सीटों पर अपने कैंडिडेट भी घोषित कर रखे हैं। सपा ने निवाड़ी सीट से पूर्व विधायक मीरा दीपक यादव, राजनगर सीट से बृजगोपाल पटेल, सीधी जिले की धौहनी विधानसभा सीट से विश्वनाथ सिंह गोंड मरकाम, चितरंगी सीट से श्रवण कुमार सिंह गोंड, भांडेर सीट से आरडी राहुल और मेहगांव सीट से बृजकिशोर सिंह गुर्जर को उतारा है।

### इन इलाकों में सपा का आधार

यूपी के सटे हुए एमपी के बुंदेलखंड, बघेलखंड और ग्वालियर-चंबल संभाग इलाके में सपा का खासा प्रभाव है। बुलंदेखंड क्षेत्र में निवाड़ी, राजनगर और भांडेर सीट तो मेहगांव सीट चंबल-ग्वालियर क्षेत्र में है। वहीं बिंध्य क्षेत्र में धौहनी और चितरंगी सीट आती है। वहीं समाजवादी पार्टी भी इन्ही इलाकों की सीटों पर अपना पूरा ध्यान केंद्रित किए हुए है। मध्य प्रदेश अखिलेश यादव का दौरा भी बघेलखंड के इलाके में हो रहा है। यहीं से सपा प्रमुख चुनावी अभियान को धार दे रहे हैं। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव को सपा काफी गंभीरता के साथ लड़ने की रणनीति बना रही है।

### सपा आजमा रही किस्मत

गठबंधन के बाद से ही सपा मध्य प्रदेश में चुनावी किस्मत आजमाती रही है। लेकिन इस पार्टी का सबसे अच्छा प्रदर्शन साल 2003 के विधानसभा चुनाव में रहा था। मध्य प्रदेश में साल 2003 के चुनाव में सपा ने सात सीटें जीती थीं। जिसे वह दोबारा फिर हासिल नहीं कर सकी। सपा मध्यप्रदेश में हर चुनाव लड़ी है। लेकिन वह ना तो 20 साल पुराने नतीजे को बरकरार रख पाई और ना ही उसे दोबारा हासिल कर सकी। सपा का राजनीतिक ग्राफ चुनाव दर चुनाव मध्य प्रदेश की सियासत में लगातार गिरता जा रहा है। भले ही साल 2003 में समाजवादी पार्टी 7 सीटें जीतने में कामयाब हो गई थी। लेकिन फिर उसकी सीटें कम होती गईं। साल 2008 में सपा सिर्फ एक सीट पर ही जीत हासिल कर पाई थी। वहीं साल 2013 में सपा का मध्यप्रदेश में खाता तक नहीं खुल पाया था। वहीं साल 2013 में अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश में सीएम की कुर्सी पर विराजमान थे। हांलाकि साल 2018 के विधानसभा चुनाव में सपा एक सीट जीतने में कामयाब हुई थी। लेकिन सियासी उलटफेर में बिजावर सीट से जीतने वाले सपा विधायक राजेश शुक्ला ने भाजपा का दामन थाम लिया था। ऐसे में सपा प्रमुख अखिलेश 20 साल पुराने नतीजों को फिर से दोहराने के कोशिश में हैं। एमपी के चुनावी रण में उतरकर अखिलेश यादव अब कांग्रेस पर ज्यादा से ज्यादा सीटों के लिए दबाव बनाने की रणनीति अपना रहे हैं। जिससे कि वह कुछ सीटें हासिल कर किंगमेकर की भूमिका में आ सकें।

### राज्य में सपा का सियासी आधार

उत्तर प्रदेश में भले ही समाजवादी पार्टी का वोटबैंक यादव और मुस्लिक के इर्दगिर्द है, लेकिन एमपी में सपा का सियासी आधार सिर्फ यादव समुदाय है। कांग्रेस और बीजेपी का प्रभाव यादव समुदाय में सपा से ज्यादा है। बुलंदेखंड और चंबल के इलाके में 6 फीसदी यादव समुदाय किसी भी पार्टी का खेल बनाने और बिगाड़ने में सक्षम हैं। ऐसे में मध्य प्रदेश में यादव समुदाय के बीच सपा द्वारा अपनी पकड़ को मजबूत बनाए रखना किसी मुश्किल टास्क से कम नहीं है।


स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर,सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/75100 (Subject to Surat jurisdiction)

# वराछा विधायक कुमार कनानी का स्वास्थ्य मंत्री को पत्र, सिविल में हीमोफीलिया इंजेक्शन की भारी कमी

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com



सूरत सिविल अस्पताल में हीमोफीलिया इंजेक्शन की कमी के लिए खुद बीजेपी विधायक कुमार कनानी ने इसे जिम्मेदार ठहराया है. कुमार कनानी ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखकर कहा है कि सिविल अस्पताल का केंद्र पर्याप्त रोगियों और आवश्यक फैक्टर 7 और 8 इंजेक्शन उपलब्ध नहीं करा रहा है। जिससे मरीजों को काफी परेशानी हो रही है. ताकि जल्द से जल्द पर्याप्त मात्रा में इंजेक्शन उपलब्ध कराया जाए। सूरत सिविल में हीमोफीलिया मरीजों के लिए आवश्यक फैक्टर 7, फैक्टर 8 की उपलब्धता को लेकर कुमार कनानी ने स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखा, जिसमें 550 मरीज पंजीकृत हैं, सिविल अस्पतालों में हीमोफीलिया से पीड़ित मरीजों की संख्या पूरे गुजरात में बहुत बड़ा है . मुझे मिली जानकारी के अनुसार अकेले सूरत सिविल अस्पताल में पंजीकृत मरीजों की संख्या लगभग 550 है। इसके अलावा, सूरत सिविल अस्पताल के नजदीक होने के कारण दूसरे राज्यों से भी मरीज सूरत सिविल अस्पताल आते हैं। जिनकी संख्या लगभग 250 है. उपरोक्त कारक का इलाज करने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है। ऐसे मरीजों को यह इंजेक्शन महीने में 4 से 5 बार देने की जरूरत होती है।

जीवनरक्षक इंजेक्शन सिविल देने की सिफारिश सूरत सिविल अस्पताल में रोजाना 30 से 35 मरीज इलाज के लिए यह इंजेक्शन लेने आ रहे हैं। लेकिन सूरत सिविल अस्पताल में इस मात्रा की अनियमितता के कारण अक्सर इंजेक्शन समय पर नहीं मिल पाते. ऐसी परिस्थितियों में, रोगी को स्थायी विकलांगता और यहाँ तक कि मृत्यु भी हो सकती है। ये जीवन रक्षक इंजेक्शन जीएमएससीएल द्वारा सिविल अस्पतालों को उपलब्ध कराए जाते हैं। इसलिए इस संबंध में मेरी सिफारिश और अनुरोध यह सुनिश्चित करना है कि सिविल अस्पतालों को ये इंजेक्शन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हों।

9 महीने पहले सूरत के वराछा रोड के विधायक कुमार कनानी ने विदेश में पढ़ाई करने जाने वाले छात्रों को होने वाली दिक्कतों को लेकर राज्य सरकार को पत्र लिखा था . उन्होंने मांग की है कि छात्रों को समय पर ऋण चुकाया जाए ताकि वे आसानी से पढ़ाई के लिए विदेश जा सकें।

विधानसभा चुनाव में पाटीदार आंदोलनकारी नेता और आप उम्मीदवार अल्पेश कथीरिया को हराने वाले बीजेपी विधायक कुमार कनानी ने कनानी द्वारा नगर पालिका के खिलाफ आंदोलन शुरू करने की धमकी देने से 9 महीने पहले आंदोलन में शामिल होने की बात कही थी. सूरत के वराछा से विधायक कनानी ने कमिश्नर को पत्र लिखकर कहा है कि शहर की खाड़ी क्षेत्र की सोसायटियों से गंदगी और मच्छरों के प्रकोप को तुरंत दूर किया जाए, अन्यथा वे सिस्टम के खिलाफ सार्वजनिक घोषणा को लेकर सामने आ गए हैं, जिसमें उन्होंने 8 महीने पहले ट्रैवल समेत भारी वाहनों को शहर में प्रवेश देने के लिए लग्जरी बसों के प्रवेश की मांग की थी । विधायक ने यात्रियों के निर्धारित समय से पहले शहर में आने से ट्रैफिक की समस्या उत्पन्न होने की बात कही. यात्राओं को लेकर लगातार लोगों की शिकायतें मिल रही थीं, जिसे लेकर अधिसूचना लागू करने की मांग की गई थी. उधर,




आंदोलन शुरूकरेंगे। ट्रैवल्स एसोसिएशन और विधायक कुमार कनानी उस ट्रैवल मैनेजर इस मामले को तानाशाही फैसला मान रहे थे।

## वराछा में गार्ड अश्लील हरकत करते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ,शिकायत दर्ज कराई

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

सूरत। वराछा खोडियारनगर रोड स्थित भातनी वाडी शिवशंकर सोसायटी के गेट के पास एक अधेड़ उम्र के व्यक्तिद्वारा आवारा कुत्ते के साथ अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने का वीडियो मिलने के बाद पशु क्रूरता निवारण सोसायटी के एक सदस्य ने कल रात वराछा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। वराछा पुलिस ने मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले एक सुरक्षा गार्ड को गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, सूरत के वराछा खोडियारनगर रोड स्थित स्थित शिवशंकर सोसायटी के गेट के पास बैठे कुत्ते के साथ एक व्यक्ति अप्राकृतिक सेक्स कर रहा था। 14 अक्टुबर की रात 1. 23 बजे की यह घटना पास के सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। दिनेशभाई काछडिया से मिलने के बाद, उन्होंने सीसीटीवी फुटेज क्लिप का वीडियो भारतीय गौरक्षा मंच के अध्यक्ष और पशु क्रूरता निवारण सोसायटी के सदस्य धर्मेशभाई गामी को भेजा। जब उन्होंने जांच की, तो जगह वराछा खोडियारनगर शिवशंकर सोसायटी के गेट के पास थी।

## काउंटर पर 1.46 लाख से भरा बैग छोड़कर चाय पीने चला गया कारोबारी बैग चुरा ले गया

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

डिंडोली में दुकान के काउंटर पर 1.46 लाख रुपए का बैग छोड़कर चाय पीने जाते समय नकाबपोश चोर बैग चुरा ले गया। डिंडोली शुभवाटिका रेजीडेंसी में रहने वाले अशोकभाई वल्लभजी गढ़िया किराना व्यवसाय चलाते हैं। बुधवार सुबह वह व्यापारी का 1.46 लाख का भुगतान लेकर दुकान पर आया।

वे रुपयों से भरा बैग दुकान के काउंटर पर छोड़कर बगल की चाय की दुकान पर चाय पीने चले गये. चाय पीने के दौरान उन्हें ध्यान आया कि बैग काउंटर पर छूट गया है. दुकान लौटने पर बैग गायब था। सीसीटीवी फुटेज चेक करने के दौरान एक नकाबपोश चोर बैग ले जाता हुआ दिखाई दिया। पीएसआई हरपाल सिंह मसानी ने डिंडोली पुलिस को सूचना देकर जांच शुरू की। पुलिस के मुताबिक ऐसा लग रहा है कि चोर ने चोरी करने से पहले व्यापारी को लूटा है। व्यापारी भी उस समय का इंतजार कर रहा था जब उसके मन में बड़ी रकम होगी। चाय पीने गए व्यापारी की तरह पांच मिनट में ही उसने बैग चोरी कर लिया। डिंडोली पुलिस ने फुटेज के आधार पर जांच की है.

## हार-फूल, श्रीफल, कंकू, माताजी के शृंगार और प्रसाद की मांग में कई गुना बढ़ोतरी

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com




भारत में हिंदू त्योहार भारत की अर्थव्यवस्था को जीवित रखने का पर्याय बन गए हैं। पिछले कुछ समय से महंगाई और मंदी का माहौल था और ऐसी शिकायतें आ रही थीं कि छोटे व्यापारियों की हालत खस्ता है, लेकिन जैसे ही नवरात्र का आगमन हुआ, मंदिर के आसपास धार्मिक सामग्री बेचने वाले व्यापारियों के लिए नवरात्र संजीवनी बन गया है। नवरात्र से पहले दिवड़ा और माताजी की मटली (गरबी) बनाने वाले छोटे व्यवसायियों का कारोबार सांस ले गया और उन्हें रोजी रोटी मिलने लगी।

पिछले रविवार से शुरू हुई नवरात्रि माताजी के मंदिर के आसपास के व्यापारियों के लिए संजीवनी बन गई है। प्रथम नवरात्र से ही माताजी के मंदिरों में भक्तों का तांता लगा हुआ है। माताजी के दर्शन के लिए जाते समय भक्त फूल, माला, कंकु प्रसाद और माताजी के आभूषण लेकर मंदिर में माताजी की पूजा करने जाते हैं। नवरात्रि के दौरान माताजी के मंदिर में आने वाले भक्तों की भीड़ अधिक होती है, इसलिए मंदिर के पास के दुकानदारों को अच्छी डील मिल रही है। अंबा माता के मंदिर के आसपास श्रीफल-फूल बेच रहे बिपिन पटेल कहते हैं, सामान्य दिनों में केवल रविवार को ही वहां हमारी अच्छी मांग होती है, लेकिन अब मांग बढ़ गई है तो यह माताजी की कृपा है। लाइन लगाकर पेंदा और प्रसाद बेच रहे साईनाथ टिकटे कहते हैं, चल रही नवरात्रि हमारे जैसे छोटे व्यापारियों के लिए वरदान बन गई है, अब प्रसाद पहले की तुलना में चार गुना ज्यादा बिक रहा है, जो पहले नवरात्रि के दिनों में बिकता था.

इसी तरह मंदिर के पास माताजी के आभूषण और कंकू बेचने वाले प्रग्नेश ठक्कर कहते हैं, मंदिर के आसपास के छोटे व्यापारियों के लिए नवरात्रि उत्सव वरदान बन रहा है। इससे व्यापारियों को काफी राहत मिल रही है.

इसके अलावा माताजी की तस्वीरें, तांबे पीतल के बर्तन और चुंदड़ी और साड़ियों की बिक्री भी इस नवरात्रि में बढ़ जाती है। इस प्रकार माताजी के मंदिर के आसपास धार्मिक व्यवसाय करने वाले लोग भी अच्छा व्यवसाय कर रहे हैं। माताजी को चढ़ाने के लिए चूड़ी-साड़ी समेत सजावटी सामान की बिक्री भी बढ़ रही है। ऐसे में व्यापारी कह रहे हैं कि माताजी के मंदिर के आसपास के व्यापारियों के लिए नवरात्रि शुभ बन रही है। पिछले रविवार से शुरू हुए नवरात्र में कड़ाके की ठंड पड़ रही है और माताजी के भक्त गरबा खेलने के साथ-साथ मंदिर जाकर माताजी की पूजा भी कर रहे हैं. इस नवरात्रि में भक्तों की माताजी की भक्ति से मंदिर के आसपास के छोटे व्यापारियों को फायदा हो रहा है। मंदिर के पास के छोटे दुकानदारों के लिए नवरात्रि का त्योहार संजीवनी बन गया है और छोटे व्यापारी अब खुश हैं कि दो से ढाई महीने में जितनी बिक्री होती है उतनी ही बिक्री नवरात्रि के दौरान होती है.

# "ज्ञान सहायक भर्ती योजना" के खिलाफ कांग्रेस द्वारा धरना-प्रदर्शन

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

सरकार की 'ज्ञान सहायक भर्ती योजना' के खिलाफ सूरत में कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें कांग्रेस विधायक अनंतभाई पटेल, गुजरात प्रदेश कांग्रेस महासचिव दर्शन नायक मौजूद थे। उन्होंने कहा कि 11 महीने का कॉन्ट्रैक्ट गुलामी है। हम योग्य उम्मीदवारों को स्थायी नौकरी देने के लिए हर जगह विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।' हम टेट पास प्रत्याशियों के साथ हर जिले में भी सघन कार्यक्रम करेंगे।

कांग्रेस के धरना-प्रदर्शन में शिक्षक भी शामिल हुए। सूरत के अठवालाइन्स स्थित वनिता विश्राम में धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम में कांग्रेस के साथ शिक्षकों ने हाथों में प्ले कार्ड लेकर किया। संविदा शिक्षकों की भर्ती निरस्त करने की मांग की। धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम में शहर-जिला कांग्रेस के नेता भी शामिल हुए।

सूरत शहर - जिला कांग्रेस कमेटी ने गुजरात भाजपा सरकार की अनुचित "ज्ञान सहायक" योजना के खिलाफ युवा विधायक अनंतभाई पटेल के नेतृत्व में "रैली और प्रतीक धरना" का आयोजन किया है। तब अनंतभाई ने कहा कि अगर सरकार ने उचित निर्णय नहीं लिया तो निकट भविष्य में उग्र विरोध प्रदर्शन होगा।

# फुट विभाग ने चंदी पड़वा के त्योहार के दौरान खाद्य विभाग की टीम जाँच के लिए नूमना लिए

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

चंदी पड़वा के त्योहार के दौरान घारी में मिलावट रोकने के लिए नगर पालिका की खाद्य विभाग की टीम ने वहां की डेयरियों-मावावालों पर छापेमारी की है। जिसमें भागल, कतारगाम, वराछा, रांदेर, पांडेसरा सहित विभिन्न इलाकों में कुछ दुकानों में खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए हैं, जिन्हें जांच के लिए वेसू पब्लिक फूड लैब में भेजा गया है। सभी सैंपल की जांच के बाद रिपोर्ट आने में 48 घंटे लगेंगे यानी शनिवार को रिपोर्ट आएगी. खाद्य विभाग ने कहा कि रिपोर्ट में कोई खामी पाए जाने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. जिससे यह सैंपल लेने पर लोगों की स्वास्थ्य रिपोर्ट आती है। तभी पता चलेगा.


### दुकान से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए

1-बंसी मावा भंडार, अंबाजी रोड ग्रूव, गोपी स्ट्रीट, मोहन मिठाई लेन,भागल
2-श्री अंबिका मावावाला, अविर्भाव-1, पांडेसरा
3-श्री कृष्णा डेयरी, भगुनगर सोसा., एल.एच. रोड
4-न्यू लक्ष्मी डेयरी, अमरदीप कॉम्प्लेक्स, अमरोली
5-माधव डेयरी प्रोडक्ट्स, बिनाका कैंपस, पुणे गांव
6-न्यू श्री कृष्णा डेयरी, उमियानगर-1, डिंडोली
7-श्री लक्ष्मी डेयरी, महावीर फ्लैट, रामनगर, रांदेर
7-अंबिका स्वीट्स, तुलसीश्याम नगर, नवगाम,
8-सुरभि डेयरी, सर्वोदय नगर, असवारवाड चार रास्ता, 120 फीट बमरोली रोड, पांडेसरा
9-श्री कनैया डेयरी, कृष्णा कॉम्प्लेक्स, कतारगाम
10-दूध मंडली, सत्संग रेजीडेंसी, सैटेलाइट रोड, मोटा वराछा
11-जय लक्ष्मी डेयरी एंड स्वीट्स, ग्रीन प्लाजा कॉम्प्लेक्स, एलपी सवाणी स्कूल के सामने, अडाजण
12-अंबा शंकर मावा भंडार, गोपी स्ट्रीट के पास, बरनपुरी सेक्टर
13-बप्पा सीताराम डेयरी और स्वीट मार्ट, शंभू शक्तिकॉम्प्लेक्स, सचिन स्टेशन रोड
14-जय अम्बे मावा भंडार, हरिओम इंडस्ट्रीज़ सोसायटी, उधना-मगदल्ला रोड
15-कृष्णमावा भंडार, हरिओम इंडस्ट्रीज़ सोसायटी, उधना-मगदल्ला रोड
16-श्री हरि डेयरी और मावा, कॉट्सफ़ल रोड, भाग
17-श्री कृष्णा मावा भंडार, खंडवाला नी स्ट्रीट, वाडी पालिया, अंबाजी रोड

# 1 नवंबर तक होगा सेमिनार दाउदी व्होरा धर्मगुरु सैयदना साहब का आगमन

**देश-विदेश से व्होरा समुदाय के हजारों लोग जाम्पाबाजार में जुटेंगे**

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com



दाउद्दी व्होरा समुदाय के 53वें मौलवी सैयददाना मुफद्दल सैफुद्दीन साहब का कल देर रात सूरत पहुंचने पर समुदाय के वरिष्ठ नेताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। 21 अक्टूबर से 1 नवंबर तक सूरत में वार्षिक शैक्षिक सेमिनार 'इस्तिफ़दा इल्मिया' का आयोजन किया गया है।

इसमें हिस्सा लेने के लिए दुनिया के अलग-अलग देशों से वोरा समुदाय के लोग सूरत आ रहे हैं. तीन चरणों में आयोजित, इस 'इस्तिफ़दा इल्मिया' में इस्लामी दर्शन, इतिहास और न्यायशास्त्र जैसे विषयों के साथ-साथ शिक्षा और कौशल विकास सत्रों में समकालीनता शामिल है। सेमिनार में छात्रों, पेशेवरों, शिक्षकों के साथ-साथ सैयदना साहब के प्रशासन के सदस्यों के साथ-साथ अलजामिया-तुस-सैफियाह अरबी अकादमी के स्नातक भी भाग लेते हैं।

दाउद्दी व्होरा समाज, सूरत के जनसंपर्क समन्वयक हातिम फखर ने कहा, हम सूरत में इस वार्षिक सेमिनार में भाग लेने के लिए समुदाय के हजारों लोगों को आमंत्रित करने के लिए उत्साहित हैं और उन्हें एक यादगार अनुभव प्रदान करने के लिए तैयार हैं। साथ ही इस शैक्षणिक सेमिनार के अंत में रेवरेंड सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन साहब के 80वें जन्मदिन के भव्य समारोह की भी योजना बनाई गई है.

सामुदायिक खेल मैदान खैमात-अल-रियादा में पर्यावरण और व्यवसाय जैसे विभिन्न विषयों पर आधारित स्टालों और प्रदर्शनियों की भी योजना बनाई गई है, साथ ही शहर के ज़म्पाबाजार और इसके आसपास के विभिन्न सामुदायिक केंद्रों पर शैक्षिक सेमिनार आयोजित किए जाएंगे। ताकि आगंतुकों को पूरी तरह से फायदेमंद अनुभव मिल सके।

सेमिनार में हिस्सा लेने अमेरिका से आई उम्मेहानी इस्माइल वकील ने बताया कि मैं हर साल इस सेमिनार में हिस्सा लेने के लिए उत्सुक रहती हूं.

अपने क्षेत्र में समस्याएं हमें लिखे या बताएँ
और समस्याएं का हल संबंधित विभाग से मिलेगा
मोबाईल:-987914180 या फोटा,वीडियो हमें भेजे